


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 190 | ग्वालियर, सोमवार, 30 अगस्त, 2021 | ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## वन-टू-वन

### नुसरत जहां ने अपने नवजात बेटे का नाम रखा 'ईशान'

**मुंबई (ए)।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद और बंगाली फिल्मों की अभिनेत्री नुसरत जहां ने गुरुवार को एक बच्चे को जन्म दिया है। उन्होंने अपने पहले बेटे का नाम ईशान रखा है। नुसरत जहां और उनका बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। नुसरत जहां को बुधवार की शाम कोलकाता के पार्क स्ट्रीट के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने गुरुवार दोपहर लगभग 12ः20 बजे बेटे को जन्म दिया। गुरुवार को इस दौरान एक्ट्रेस के दोस्त यश दासगुप्ता भी अस्पताल में मौजूद रहे। वहीं, नुसरत जहां से अलग हो चुके निखिल जैन ने भी एक्ट्रेस और नवजात बच्चे को शुभकामनाएं दीं। निखिल ने कहा हमारे बीच आपसी मतभेद हो सकते हैं, फिर भी मैं नवजात बच्चे और उसकी मां को शुभकामनाएं देता हूं। मैं बच्चे के उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना करता हूं। उल्लेखनीय है कि नुसरत जहां लंबे समय से अपनी पर्सनल लाइफ और प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं। वह अपने पति निखिल जैन से काफी समय से अलग रह रही हैं।

### कोरोना के बीच बार खुल सकते हैं तो मंदिर क्यों नहीं: अन्ना हजारे

**मुम्बई (ए)।** महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार से सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कोरोना के चलते बंद मंदिरों को खोलने की अपील की है। उन्होंने सरकार से सवाल दागा है कि अगर राज्य में बार खुल सकते हैं, तो मंदिर क्यों नहीं। इतना ही नहीं हजारे ने लोगों से इस मुद्दे पर सड़क पर आकर आंदोलन करने को भी कह डाला है। हजारे की यह मांग ऐसे वक्त पर आई, जब एक दिन पहले ही केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने तीसरी लहर के मद्देनजर महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर दही हांडी और गणपति जैसे उत्सवों के आयोजन पर प्रतिबंध लगाने की सलाह दी है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में कोरोना के चलते राज्य सरकार ने धार्मिक स्थलों को नागरिकों के लिए खोलने की अनुमति नहीं दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि प्रतिदिन सामने आने वाले मामलों की संख्या पिछले एक महीने में कम हुई है। लेकिन महाराष्ट्र के कुछ जिले ऐसे हैं, जिनमें संक्रमण के मामलों में वृद्धि देखने को मिल रही है। भूषण ने कहा, इस आदेश के जरिए सुझाव दिया जाता है कि महाराष्ट्र में आगामी त्योहारों के दौरान सार्वजनिक कार्यक्रमों तथा लोगों के इकट्ठा होने के मद्देनजर (जिनमें दही हांडी और गणपति महोत्सव शामिल है) राज्य सरकार स्थानीय तौर पर पाबंदी लगाए।

### मथुरा में कृष्णोत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी

**मथुरा (ए)।** मथुरा के रामलीला मैदान में रविवार से तीन दिवसीय कृष्णोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा और सोमवार को जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसमें शामिल होंगे। यह आयोजन परिषद, राज्य के पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा के मुता?बिक सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर साढ़े 3 बजे मथुरा आएंगे। वह कृष्णोत्सव का उदघाटन करने के लिए रामलीला मैदान जाएंगे। मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री का मथुरा में करीब 90 मिनट ठहरने का कार्यक्रम है। इस दौरान वह श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिरों में दर्शन भी करेंगे।

### देश में सरकारी तालिबानों का कब्ज़ा हो चुका है: राकेश टिकैत

**चंडीगढ़ (ए)।** हरियाणा के करनाल में पुलिस और किसानों की भिड़ंत में दोनों ओर से कई लोग घायल हो गए। करनाल में हुए लाठीचार्ज को लेकर विपक्ष लगातार हरियाणा के मनोहर लाल खट्टर सरकार को घेर रहा है। किसान नेता राकेश टिकैत भी लगातार भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। जब राकेश टिकैत से इसी मसले को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि देश में सरकारी तालिबानों का कब्ज़ा हो चुका है। देश में सरकारी तालिबानों के कमांडर मौजूद है। इन कमांडरों की पहचान करनी होगी। जिन्होंने आदेश दिया सर फोड़ने का वहीं कमांडर है। गौरतलब है कि भाजपा की बैठक के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए करनाल की तरफ बढ़ रहे किसानों के एक समूह पर पुलिस ने कथित तौर पर लाठीचार्ज किया, जिसमें करीब दस लोग घायल हो गए। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, राज्य भाजपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। किसानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्य पुलिस की आलोचना की गई और विरोध में कई स्थानों पर सड़कों को जाम किया गया।

## भगवान राम समरसता, सौहार्द और प्रेम के प्रतीक : राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

**अयोध्या (ए)।** भगवान राम समरसता, सौहार्द और प्रेम की उत्कृष्टता के प्रतीक है यह विचार राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अयोध्या में राम कथा पार्क में रामायण कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। राष्ट्रपति ने कहा कि राम के बिना अयोध्या, अयोध्या है ही नहीं। अयोध्या तो वही है, जहां राम हैं। इस नगरी में प्रभु राम सदा के लिए विराजमान हैं, इसलिए यह स्थान सही अर्थों में अयोध्या है। उन्होंने कहा रामायण ऐसा विलक्षण ग्रंथ है जो रामकथा के माध्यम से विश्व समुदाय के समक्ष मानव जीवन के उच्च आदर्शों और मर्यादाओं को प्रस्तुत करता है। मुझे विश्वास है कि रामायण के प्रचार-प्रसार हेतु उत्तर प्रदेश सरकार का यह प्रयास भारतीय संस्कृति तथा पूरी मानवता के हित में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इसके अलावा राष्ट्रपति ने कहा कि अयोध्या का शाब्दिक अर्थ है, 'जिसके साथ युद्ध करना असंभव हो'। रघु, दिलीप, अज, दशरथ और राम जैसे रघुवंशी राजाओं के पराक्रम व शक्ति के कारण उनकी राजधानी को अपराजेय माना जाता था, इसलिए इस नगरी का 'अयोध्या' नाम सर्वदा सार्थक रहेगा।



वहीं, रामायण कॉन्क्लेव के दौरान उन्होंने कहा कि रामायण में दर्शन के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता भी उपलब्ध है जो जीवन के प्रत्येक पक्ष में हमारा मार्गदर्शन करती है। संतान का माता-पिता के साथ, भाई का भाई के साथ, पति का पत्नी के साथ, गुरु का शिष्य के साथ, मित्र का मित्र के साथ, शासक का जनता के साथ और मानव का प्रकृति व पशु-पक्षियों के साथ कैसा आचरण होना चाहिए, इन सभी आयामों पर, रामायण में उपलब्ध आचार संहिता, हमें सही मार्ग पर ले जाती है। रामचरितमानस में एक आदर्श व्यक्ति और एक आदर्श समाज दोनों का वर्णन मिलता है। रामराज्य में आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ आचरण की श्रेष्ठता का बहुत ही सहज और हृदयग्राही विवरण मिलता है-

**नहिं दरिद्र कोउ, दुखी न दीना।**
**नहिं कोउ अबुध, न लच्छन हीना।।**

रामकथा की लोकप्रियता भारत में ही नहीं बल्कि विश्वव्यापी है। उत्तर भारत में गोस्वामी तुलसीदास की रामचरित-मानस, भारत के पूर्वी हिस्से में कृत्तिवास रामायण, दक्षिण में कंबन रामायण जैसे रामकथा के अनेक पठनीय रूप प्रचलित हैं।

विश्व के अनेक देशों में रामकथा की प्रस्तुति की जाती है। इन्डोनेशिया के बाली द्वीप की रामलीला विशेष रूप से प्रसिद्ध है। मालदीव, मॉरिशस, त्रिनिदाद व टोबेगो, नेपाल, कंबोडिया और सूरीनाम सहित अनेक देशों में प्रवासी भारतीयों ने रामकथा व रामलीला को जीवंत बनाए रखा है। रामकथा का साहित्यिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रभाव मानवता के बहुत बड़े भाग में देखा जाता है।

## फर्जी वैक्सीनेशन का बड़ा खेल, श्रावस्ती से लाकर बाराबंकी में लगाई जा रही थी वैक्सीन

### मामले की तहकीकात के लिए पहुंचे मीडियाकर्मियों पर हमला, माइक और कैमरे तोड़े



**बाराबंकी (ए)।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक बार फिर गलत तरीके से वैक्सीनेशन का बड़ा खेल सामने आया है। बाराबंकी के स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा श्रावस्ती जिले से वैक्सीन लाकर जिले में वैक्सीनेशन किया जा रहा था। वैक्सीनेशन कर रहे स्वास्थ्यकर्मी ने बताया कि वह श्रावस्ती जिले में स्वास्थ्य विभाग में तैनात है और वह वहीं से वैक्सीन लाकर यहां ग्रामीणों का वैक्सीनेशन करता है।

मामला बाराबंकी में जैदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव मानपुर डेहुआ का है। जहां श्रावस्ती जिले का एक स्वास्थ्यकर्मी अक्सर वैक्सीन लाकर लोगों का वैक्सीनेशन किया करता था। शनिवार देर रात एक बार फिर यह स्वास्थ्यकर्मी उसी गांव में लगभग डेढ़ सौ लोगों का वैक्सीनेशन कर रहा था। जानकारी करने पर स्वास्थ्यकर्मी ने कबूल किया कि वह श्रावस्ती से वैक्सीन लाता है और अक्सर यहां पर लोगों का वैक्सीनेशन करता है।

वैक्सीनेशन कर रहे शख्स ने अपना नाम सूर्य प्रताप सिंह बताया और कहा कि वह श्रावस्ती जिले में एलए के पद पर तैनात है। मौके पर बड़ी मात्रा में कोवैक्सीन के खाली और भरे वॉयल भी मिले और वहां मौजूद डस्टबिन में भी सैकड़ों की संख्या में इस्तेमाल की हुई सीरिंज नजर आई। मीडिया के कैमरे में वैक्सीनेशन करता हुआ स्वास्थ्यकर्मी लाइव कैद हो गया तो ग्रामीणों ने मीडियाकर्मियों पर हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने मीडियाकर्मियों के साथ काफी मारपीट और अभद्रता की। इसके साथ ही उनके माइक और कैमरे भी तोड़ दिए। मीडियाकर्मियों ने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई और डीएम, एसपी और सीएमओ समेत जिले के सभी आलाधिकारियों को मामले की जानकारी दी।

## मंत्री सिंधिया ने पुद्दुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्रियों को पत्र लिखा

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर राज्यों में विमानन सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के काम में तेजी लाने के लिए उनके व्यक्तिगत प्रयास करने का अनुरोध किया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण-एएआई ने देश में यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अगले 4-5 वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये की लागत से देश में हवाई अड्डों के विकास और विस्तार के कार्य की शुरुआत की है। सिंधिया ने पुद्दुचेरी हवाई अड्डे के विकास के लिए एएआई को भूमि सौंपने के मुद्दे पर केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी के मुख्यमंत्री एन.रंगासामी का ध्यान आकर्षित किया है।

## अगले हफ्ते हो सकता है योगी मंत्रिमंडल का विस्तार



**अयोध्या (ए)।** योगी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार अगले हफ्ते होने के आसार हैं। राष्ट्रपति के यूपी दौरा पूरा हो जाने के बाद किसी भी दिन नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जा सकती है। भाजपा नेतृत्व मंत्रिमंडल में शामिल होने वालों के नामों पर जल्द ही अंतिम निर्णय लेगा। इसके साथ ही विधान परिषद में मनोनयन के लिए चार नामों पर भी मुहर लग जाएगी। कैबिनेट विस्तार की संभावित तिथि एक या दो सितंबर मानी जा रही है। जिन नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है उनमें कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए जितिन प्रसाद को ब्राह्मण चेहरे के तौर पर लिया जा सकता है। इसके अलावा पिछड़े वर्ग को साधने के लिए खासी अहमियत दी जाएगी। इसी रणनीति के तहत निषाद पार्टी के अध्यक्ष डा. संजय निषाद और अपना दल (सोनेलाल) के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल का नाम तय माना जा रहा है। पहले चर्चा थी कि रक्षाबंधन के बाद योगी कैबिनेट का विस्तार होगा। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का निधन हो गया। इस वजह से मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों पर कुछ दिनों के लिए विराम लग गया था। विस्तार के माध्यम से भाजपा विधानसभा चुनाव 2022 के नजरिए से राज्य में जातीय व क्षेत्रीय संतुलन को साधेगी।

## भारत की बढ़ी ताकत की वजह से कामयाब हुआ पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम: राजनाथ



**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि दोनों देशों के बीच संघर्षविराम आज सिर्फ हमारी ताकत के कारण कामयाब हुआ है। उन्होंने कहा सन 2016 में सीमा पार से किए गए हमलों ने हमारी मानसिकता को बदल दिया है और इसके बाद 2019 में बालाकोट हमले से इसे मजबूती मिली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत जरूरत पड़ने पर अपने विरोधियों के खिलाफ आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने से भी नहीं हिचकेगा। राजनाथ सिंह ने ये बातें तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) में कही। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि भारत सीमा पर चुनौतियों के बावजूद, देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। राजनाथ सिंह ने कहा दो युद्ध हारने के बाद, हमारे एक पड़ोसी देश (पाकिस्तान) ने एक प्रॉक्सी वार शुरू किया है, और आतंकवाद उसकी नीति का एक केंद्रीय हिस्सा बन गया है। ये हथियार, फंड और आतंकवादियों को प्रशिक्षण देकर भारत को निशाना बना रहा है। सीमा पर चुनौतियों के बावजूद आम आदमी को भरोसा है कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह विश्वास धीरे-धीरे मजबूत होता गया कि भारत न केवल अपनी जमीन पर आतंक का अंत करेगा, बल्कि जरूरत पड़ने पर पड़ोसियों के जमीन पर भी हमला करने से भी नहीं हिचकेगा।

## बार खुल सकते हैं तो मंदिर क्यों नहीं, इस मुद्दे पर सड़क पर उतरें लोग : अन्ना हजारे

**मुंबई (ए)।** समाजसेवी अन्ना हजारे ने कोरोना महामारी फैलने के बाद बंद किए गए मंदिरों को फिर से खोलने की अपील की है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से सवाल पूछा है कि अगर राज्य में बार खुल सकते हैं, तो मंदिर क्यों नहीं खुल सकते। अन्ना हजारे ने इस मुद्दे पर लोगों से सड़क पर आकर आंदोलन करने की अपील की है। अन्ना हजारे की यह मांग उस समय आई है, जब हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने कोरोना की तीसरी लहर का हवाला देते हुए महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर दही हांडी और गणपति जैसे उत्सवों के आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने की सलाह दी है। महाराष्ट्र के कुछ जिले ऐसे हैं, जिनमें संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

## यौन उत्पीड़न की मंशा के बिना किसी बच्ची का गाल को छूना अपराध नहीं : बॉम्बे हाईकोर्ट


**मुंबई (ए)।** बंबई हाईकोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में कहा कि यौन उत्पीड़न की मंशा के बिना किसी बच्ची का गाल को छूना अपराध नहीं है। कोर्ट ने आठ साल की लड़की के यौन शोषण के आरोपी 46 वर्षीय व्यक्ति को जमानत देते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न की मंशा के बगैर किसी बच्चे के गाल छूना अपराध नहीं है। न्यायमूर्ति संदीप शिंदे की एकल पीठ ने पड़ोसी ठाणे जिले में रबोडी पुलिस द्वारा जुलाई 2020 में गिरफ्तार किए गए आरोपी मोहम्मद अहमद उल्ला को 27 अगस्त को जमानत दे दी। उच्च न्यायालय ने कहा, 'मेरी राय में यौन उत्पीड़न की मंशा के बिना किसी के गाल छूना बाल यौन अपराध संरक्षण कानून की धारा सात के तहत परिभाषित 'यौन शोषण' के अपराध के दायरे में नहीं आता है। रिकॉर्ड में उपलब्ध दस्तावेजों के प्राथमिक मूल्यांकन से यह नहीं लगता कि याचिकाकर्ता ने यौन शोषण की मंशा से पीड़ित के गाल छूए।' बहरहाल न्यायमूर्ति शिंदे ने आदेश में स्पष्ट किया कि उनके द्वारा की गई टिप्पणी को इस मामले में जमानत के लिए दी गयी राय ही



समझा जाए और इसका अन्य मामलों में सुनवाई पर किसी तरह का असर नहीं पड़े। अभियोजन के अनुसार, उल्ला ने लड़की को कथित तौर पर अपनी दुकान के अंदर बुलाया जहां उसने उसके गाल छुए, अपनी कमीज उतारी और अपनी पतलून खोलने ही वाला था, तभी एक महिला वहां आ गई जिसने आरोपी को लड़की को अपनी दुकान में ले जाते देखा था और उसे संदेह हुआ था। मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई और उल्ला को गिरफ्तार कर लिया गया। वह अभी नवी मुंबई की तलोजा जेल में बंद है।







# आकाश से उतरी शालीभद्र की 99 पेटी, जैन मंदिर पर हुआ शालीभद्र और भद्रासेठ का नाट्य मंचन





शिवपुरी।

शालीभद्र के लिये देवलोक से प्रतिदिन नवाणु (99) पेटी आती थी जिसमें गहने वस्त्र एवं खाद्य साम्रगी होती थी। ये पेटियां क्यो आती थी और उनके द्वारा इन पेटियों में रखे समान को क्यों बांटा जाता इस पूरी कथा का नाट्य मंचन रविवार को जैन श्वेताम्बर मंदिर पर किया गया। इस अवसर पर विराजित साध्वी जी द्वारा योजनावद्ध तरीके से उक्त पेटियों को वांटने के लिये लकी ड्रा के कूपन भी बांटे गये जिसमें जैन समाज के सभी परिवारों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम पश्चात साधर्मी वात्सल्य का आयोजन भी समाज द्वारा किया गया।कोर्ट रोड पर स्थित





जैन श्वेताम्बर मंदिर पर प्रवचन दक्षा परम पूज्य साध्वी शीलधर्मा श्रीजी ठाणा 4 विराजित है जिनकी निश्रा में प्रतिदिन प्रवचन तो होते है साथ ही प्रति रविवार को धार्मिक अनुष्ठान कराये जाते है, इस रविवार साध्वीवर्या द्वारा शालिभद्र नवाणु पेटी के नाट्य मंचन का आयोजन किया गया इस आयोजन में बोली लेकर राजा शालीभद्र और भद्रबाहू बनने का लाभ पारख परिवार द्वारा लिया गया जिसके चलते संदीप पारख गोभद्र सेठ बने और सेठानी श्रीमति अंकिता पारख राजा शालीभद्र पर्व पारख एवं शालीभद्र की बहन सुभद्रा गुगलिया परिवार की श्रीमति रूपल गुगलिया को मिला। नाट्य मंचन में रूचि सांखला शालीभद्र की पूर्व भव की मां और अभिनंदन सांखला ने भद्रासेंठ का पूर्व का मंचन किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विजय पारख निवास स्थल से भद्रबाहू सेठ सेठानी एवं शालीभद्र राजा को गाजेबाजे के साथ मंदिर जी में लाया गया। जहां महिला मंडल की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा शालीभद्र द्वारा स्वर्ग से 99 पेटी क्यो उतारी और सेठ भद्रबाहु पूर्व जन्म में क्या थे की नाट्य प्रस्तुति का सुन्दर चित्रण करते हुये। नाट्य मंचन के बाद लकी ड्रा के माध्यम से 99 लोगो को इस कार्यक्रम में उक्त पेटियों का लाभ मिला। कार्यक्रम की सुन्दर प्रस्तुति में स्वंय कार्यकुशल साध्वी श्री प्रितीयशा श्रीजी म.सा. ने हिस्सा लेकर कार्यक्रम को रोचक एवं ज्ञानबर्धक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में समाज द्वारा साधर्मी बात्सल्य का आयोजन किया जिसका संयोजन अभय कोचेटा एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।

## रितु गुप्ता को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला अंकित भटेले को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शिवपुरी।** शहर की कोतवाली पुलिस ने शनिवार को कृष्णपुरम कॉलोनी में रहने वाली एक युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले आरोपी अंकित भटेले को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। उक्त आरोपी पर पुलिस ने 2 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। जैसा कि आपको विदित हो कि कृष्णपुरम कॉलोनी में रहने वाली रितु गुप्ता ने 27 जून को आरोपी के दबाव में आकर



आत्महत्या कर ली थी। और मौत से पहले उसने सुसाइड नोट छोड़ा था। जिस पर पुलिस ने सुसाइड नोट और मृतिका की मां के बयानों के आधार पर अंकित भटेले निवासी कृष्णपुरम कॉलोनी शिवपुरी के खिलाफ धारा 306, 506 भादवि के तहत कायमी कर ली थी। मृतिका रितु गुप्ता को अंकित भटेले शादी के लिए दबाव बना रहा था और परिवार वालों को भी जान से मारने की धमकी दे रहा था। इसी से डरकर रितु ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच के उपरांत अंकित भटेले पर 29 जून को मामला दर्ज किया था। लेकिन अंकित भटेले पुलिस की पहुंच से दूर रहा था। जिस पर पुलिस लगातार उसको गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी। लेकिन सफल नही हो सकी। शिवपुरी पुलिस ने फरार अंकित भटेले पर 2 हजार रूपए का इनाम भी घोषित कर दिया था। बताया जा रहा है कि आरोपी ने जेल जाने से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन भी लगाया था। लेकिन वह निरस्त हो गया था। बाद मे जब आरोपी के पास कोई रास्ता नही बचा तो विगत दिवस उसने कोतवाली पुलिस के समझ सरेंडर कर दिया जहाँ पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती सिंधिया ने क्षेत्रवासियों को दी जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

शिवपुरी। खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने शिवपुरी अंचल सहित प्रदेशवासियों को पावन पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर अपनी शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई दी हैं।मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर अपने संदेश में उल्लेख किया है कि भगवान कृष्ण द्वारा बताए गए गीता के मार्ग पर चलकर अपना लक्ष्य निर्धारण करना चाहिए और कृष्ण जन्माष्टमी त्यौहार से हमें प्रेरणा प्राप्त कर उत्साह का संचार करना चाहिए। साथ ही जनहित में सतत सेवाभावी कार्यों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

## कुएं पर पानी भरने गई 16 वर्षीय बच्ची का पैर फिसला, कुएं में गिरने से मौत



शिवपुरी। पोहरी के ग्राम देवखुर्द में शनिवार की दोपहर एक 16 वर्षीय बालिका प्रीति पुत्री अमर सिंह जाटव की कुएं में डूबने से मौत हो गई। बालिका पानी भरने के लिए गांव में स्थित कुएं पर गई थी। जहां उसका पैर फिसल गया और कुएं में गिर गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रीति जाटव प्रतिदिन की तरह शनिवार को घर के लिए पानी लेने गांव में स्थित कुएं पर पहुंची। जहां अन्य महिलाएं भी पानी भर रही थीं। जिस समय प्रीति ने कुएं में रस्सी डालकर गगरी डाली, उसी दौरान उसका पैर वहां फैले पानी में फिसल गया और प्रीति असंतुलित होकर कुएं में जा गिरी। कुएं में पानी होने से वह पानी में डूब गई। इससे पहले की लोग कुछ समझ पाते प्रीति की मौत हो गई। बालिका के कुएं में गिरने की जानकारी वहां मौजूद महिलाओं ने ग्रामीणों को दी तो वह उसे बचाने के लिए कुएं में कूंदे। जहां से उसका शव बाहर निकाला गया। सूचना पाकर पुलिस भी घटना स्थल पर आ गई और बालिका के शव का पीएम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया।

## वार्ड में फैली गंदगी के कारण लोगो को हो रही परेशानी प्रशासन नही दे रहा कोई ध्यान



शिवपुरी।

इस बार हुई बारिश के कारण शहर की आधे से ज्यादा कॉलोनियों में बनी रोड पूरी तरह से वह गई है। परंतु कुछ रास्ते ऐसे भी है जो पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो गए है। जिसकी वजह से कॉलोनी में निवास कर रहे लोगो को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पढ रहा है।आज हम बात कर रहे है नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 फतेहपुर कालीमाता मंदिर के पास की। जहां तलैया के पास अस्थायी कचरे की डंपिग से लोग काफी परेशान बने हुए हैं जिसके कारण कॉलोनी में गंदगी का अंबार के साथ साथ मच्छर, की? मको?, बदबू से काफी परेशान हैं जिस ओर नगर पालिका प्रशासन कोई ध्यान नही दे रही है। वही यहां बने हुए कालीमाता मन्दिर पर आने वाले श्रदालुओ को आने दायित्व भी नगर पालिका का है। नगर पालिका ने इस दिशा में कदम आगे नही ब?ाये हैं। 1 जनवरी से घर-घर से कचरा इकट्ठा करने की शुरुआत की गई है। लेकिन नपा के जिम्मेदार वार्ड पार्षद व नपा अध्यक्ष की अनदेखी के कारण प्रयास नाकाम साबित हो रहे हैं। वार्ड मैं फतेहपुर कालीमाता मन्दिर गली के समीप नगर पालिका के द्वारा अस्थायी डंपिंग बनाई है। जहाँ कचरा एकत्रित किया जाता है।दिनभर कचरे के ढेर लगे रहते हैं। कचरा बीनने वाले और पशु कचरे को इधर-उधर बिखेरते हैं। कुछ लोग कचरे में आग भी लगा देते हैं, जिससे वार्ड वासियो के साथ आमजन भी परेशान हैं।नपा के पास डंपिंग की जगह होने के बाद भी वार्ड के बीचोंबीच अस्थायी कचरा डंपिंग स्थान बनाने से वार्ड वासियो की परेशानी के साथ पार्षद- नगरपालिका की कार्यशैली पर सवाल ख? होते हैं। इस मामले की शिकायत वार्ड बासी कई





जाने बाले लोगो को कीच? में होकर निकलना पडता है। इस कीचड में सुअर एव आवारा पशुओं की समस्या भी बनी रहती है। एव जब से नालियों का निर्माण किया गया है तब से आजतक सफाई नही की गई ,एक तरफ देखा जाए तो स्वस्छ भारत का नारा दिया जाता। एक तरफ फतेहपुर काली माता मंदिर तल्ल्या के पास कचरे का ढेर लगा हुआ है।तो वही दूसरी तरफ बार्ड में नालियां गंदगी से भरी प?ी हैं। और बारिश के कारण बदबूदार पानी जमा हो जाता या उसका उचित निकाश किया जाए एवं गंदगी से ?ेंगू ,हैजा जैसी जानलेवा बीमारियों का भी सामना लोगो को करना प?ता हैं।जो कि ये बीमारिया जानलेवा भी साबित हो रही है। वार्ड वासियो को मूलभूत सुविधाओं के साथ साफ व स्वच्छ वार्ड की सौगात देने का बार नगर पालिका को कर चुके है। यहां कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

## भौराना में ट्रांसफार्मर नहीं बदला, तो भारतीय किसान संघ ने किया जमकर हंगामा



शिवपुरी।

जिले के बैराड़ तहसील के ग्राम भौराना में विघुत कर्मियों द्वारा एक चालू ट्रांसफार्मर को बंद कर दिया है और एक ट्रांसफार्मर खराब हो गया है लेकिन उसको भी बदला नहीं जा रहा है। जिसे लेकर भारतीय किसान संघ ने विद्युत मंडल कार्यालय पर जमकर हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय किसान संघ तहसील बैराड़ की ग्राम समीति भौराना के कार्यकर्ताओ ने कहा कि एक तो हम सब ग्रामीण अतिवृष्टि से पीडित है और ऊपर यह लोग आए दिन ग्रामीणों को परेशान कर रहे है इस अवसर पर भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष बृजेश धाकड़, ग्राम समीति अध्यक्ष भौराना मोहरसिंह यादव, धर्मेंद्र, मटरे, जग्गी, कल्ले, नरेंद्र, भूरा, केशव, बीरेन्द्र यादव आदि कार्यकर्ताओं सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारियों के साथ धोखा कंपनी को फायदा-जनक सिंह रावत

### एनपीएस इतनी अच्छी है फिर सांसद,विधायको क्यो नहीं

शिवपुरी।

न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत ने जारी प्रेस नोट मैं बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पेंशन अधिनियम 1972 में संशोधन कर 1 जनवरी 2004 से न्यू पेंशन स्कीम लागू की गई जिसे शुरू में स्वैच्छिक आधार पर असंगठित क्षेत्र के कामदार सहित नागरिकों के लिए लागू किया गया था परंतु दुर्भाग्य है इसको कर्मचारियों पर थोप दिया गया जिसमें 1 जनवरी 2004 के बाद केंद्र सरकार के कर्मचारी एवं धीरे धीरे अन्य राज्यों ने भी अपने अपने कर्मचारियों को न्यू पेंशन स्कीम में जोड़ दिया मध्यप्रदेश में जनवरी 2005 से कर्मचारियों के लिए लागू कर दी गई जिसमें कॉरपोरेट को फायदा पहुंचाने के लिए कर्मचारियों को बलि का बकरा बना दिया गया है स्वैच्छिक लिखना एक छलावा था क्योंकि कर्मचारियों पर जबरदस्ती लागू किया गया आज पश्चिम बंगाल को छोड़कर हर राज्य में न्यू पेंशन स्कीम लागू है देखा जाए तो यह कर्मचारियों के खिलाफ साजिश एवं कॉरपोरेट



को फायदा पहुंचाने वाली स्कीम है वर्षो बाद कर्मचारी महसूस कर रहा है कि उनका पैसा शेयर मार्केट में लगा है पेंशन भी प्राइवेट हाथों में हैं जो मात्र 1000 से ड़2000 मासिक बन रही है जबकि कर्मचारी के वेतन का 10त्न प्रतिमाह एवं 10 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है जो प्राइवेट हाथों में जा रहा है जिसे कर्मचारी भी घाटे मैं जा रहा है सरकार को भी नुकसान हो रहा है पेंशन अधिनियम 1972 में पेंशन के लिए वेतन की कटौती का कोई प्रावधान नहीं था और कर्मचारी के अंतिम वेतन का 50त्न उसको पेंशन के रूप में प्राप्त होता था तथा16 महीने की तनख्वाह के बराबर ग्रेच्यूटी भी रिटायरमेंट पर मिलती थी लेकिन न्यू पेंशन स्कीम मैं नहीं है दूसरी तरफ हमारे विधायक,सांसद जीवनभर पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे हैं एन पी एस इतनी अच्छी है इसका लाभ नेताओं को भी लेना चाहिए आज देश का कर्मचारी जानना चाहता है एक देश में दो कानून क्यों न्यू पेंशन स्कीम के खिलाफ पूरे देश में हर राज्य में संगठन 2017 से लगातार आंदोलनरत है। लेकिन अभी सरकार का ध्यान नहीं गया है कर्मचारियों की पेंशन का भी निजीकरण कर दिया है सेवा सरकार भी कर रहे हैं पेंशन प्राइवेट कंपनी देगी यह गलत है न्यू पेंशन स्कीम के खिलाफ संगठन प्रदेश सहित राज्यों में आंदोलनरत है संगठन सभी कर्मचारियों को जागरुक कर रहा है अपने हक और अधिकार के लिए पुरानी पेंशन कर्मचारियों का हड़ है मिलना चाहिए।

### इनका कहना है

न्यू पेंशन स्कीम पेंशन नहीं हड़प नीत है इसको कर्मचारियों के हित के लिए नहीं कॉरपोरेट को फायदा दिलाने के लिए बनाया है पेंशन भी प्राइवेट कंपनी देगी संघ पुरानी पेंशन के लिए सड़क से संसद तक लड़ेगा जब तक पुरानी पेंशन नहीं मिल जाती।

**जनक सिंह रावत राष्ट्रीय संयोजक न्यू मूवमेंट ड़ॉर ओल्ड पेंशन संघ मध्यप्रदेश (भारत)**

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पटवारियों ने मनमानी से किया सर्वे, पीड़ित बैठे धरने पर



भिण्ड। जिले में बाढ़ प्रभावित गांवों में प्रशासनिक अफसरों द्वारा इनदिनों सर्वे कराना और राहत देने शुरू हो चुका है। गांव स्तर पर सर्वे को लेकर राजनीति हावी हो रही है। राजनेताओं के संरक्षक सर्वे को मनमाने तरीके से करा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रौन ब्लॉक के पड़ौरा गांव में सामने आया। यहां सर्वे से असंतुष्ट गांव के लोग धरने पर बैठ गए। इस खबर से शासन और प्रशासन में हड़कंप मच गया। शासन की ओर से राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया और प्रशासन की ओर से तहसीलदार रामनिवास धाकड़ मौके पर पहुंचे। इस दौरान अंसतुष्ट लोगों को समझाया गया। सर्वे के लिए पांच सदस्यीय दल गठित किया गया, तब कही 36 घंटे बाद धरना-प्रदर्शन खत्म हुआ।

सिंध और चंबल नदी की बाढ़ से जिले के 67 से ज्यादा गांव तबाह हो गए। अब तक इन गांव में सब कुछ सामान्य नहीं हुआ। यहां बाढ़ की वजह से लोग दाने-दाने के लिए मोहताज हो रहे हैं। अब इन गांव में राजनीति हावी हो रही। भाजपा और कांग्रेस से जुड़े सरपंच अपने चहेतों का ज्यादा नुकसान और विरोधी का कम होने की बात कहकर सर्वे दल पर राजनीतिक प्रेशर बना रहे हैं। ऐसा ही पड़ौरा गांव में हुआ। यहां के 50 से ज्यादा लोग शुक्रवार की सुबह से धरने पर बैठ गए।

यह जानकारी लगते ही राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया और रौन तहसीलदार रामनिवास धाकड़ मौके पर पहुंचे। राज्यमंत्री भदौरिया से गांव के लोगों ने सरपंच के दबाव में सर्वे होने की बात कही। आरोप था कि जिन लोगों का 70 से 90 प्रतिशत नुकसान हुआ उनका 10 से 30 प्रतिशत नुकसान दर्ज किया जा रहा है। इस पर तहसीलदार ने 5 सदस्यीय दल गठित कर सर्वे का मूल्यांकन कराने और बाढ़ पीड़ितों की मुआवजा दिलाए जाने की बात कही। इसके बाद शनिवार शाम धरना खत्म किया गया। राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने गांव वालो को भरोसा दिलाया की सर्वे में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा सभी बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के हितों का ध्यान रखा जाएगा और हर सम्भव मदद मुहैया करायी जाएगी।

### 5-5 हजार की खाद्यान्न राशि दी

तहसीलदार धाकड़ का कहना है कि गांव में 80 त्न लोगों को खाद्यान्न राशि 5-5 हजार दी जा चुकी है। सर्वे में किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। वहीं ग्रामीण निर्मल सिंह राजावत और भूपेंद्र सिंह ने राजनीतिक दबाव में चेहरा देखकर सर्वे में नुकसान दर्ज होने की बात कही।

### बाढ़ के बाद बिजली बंद

बाढ़ के बाद पड़ौरा गांव की बिजली बंद है। यहां बिजली पोल और ट्रांसफॉर्मर उखड़ चुके हैं। राज्यमंत्री भदौरिया के आने पर गांव वालों ने यह समस्या बताई। जिस पर मंत्री भदौरिया ने तत्काल कलेक्टर से बातचीत की और जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने, साथ ही दो दिन में बिजली सप्लाई शुरू होने के लिए निर्देशित किया।

## ट्रक ड्राईवर की लापरवाही ने ले ली होती जान, बाल-बाल बचा युवक



भिण्ड। ऊमरी थाना अंतर्गत एक ट्रक ड्राईवर ट्रक को इतनी तेज रफ्तार से चला रहा था कि ट्रक के नीचे आने से एक युवक बाल-बाल बचा एकत्रित लोगों ने ऊमरी टोल प्लाजा पर कुछ युवकों ने टोल कर्मचारियों के साथ मिलकर ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट की। उसे लात-घूंसों से पीटा। मारपीट करने वाले युवकों का आरोप था कि ड्राइवर नशे की हालत में ट्रक तेज रफ्तार चला रहा था। बाराकलां गांव के पास एक युवक ट्रक की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। ऊमरी पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से न लेकर अनदेखा कर दिया।

यह घटना ऊमरी टोल प्लाजा की शनिवार की देर शाम की है। एक ड्राइवर ट्रक लेकर भिंड आया। भिंड में ढाबा पर खाना खाया और लहार की ओर जाने लगा। बाराकलां गांव के पास एक युवक की बाइक खराब हो गई। वो अपनी बाइक को लेकर खड़ा था, तभी पीछे से आए ट्रक की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। इसके बाद वहां युवकों ने करीब 5 किमी. पीछा कर टोल प्लाजा के पास ड्राइवर को पकड़ लिया। यहां टोल कर्मचारियों को भी ट्रक चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। पहले उसकी जमकर पिटाई की, फिर पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि, इस मामले को पुलिस ने रफा-दफा कर दिया।





## भाजपा सरकार और संगठन ओबीसी आरक्षण को लेकर प्रतिबद्धः राजेंद्र सिंह गुर्जर

### भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह का प्रथम नगर आगमन पर स्वागत

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर स्पष्ट कर चुके हैं कि वह पिछड़ों के हक की लड़ाई किसी भी न्यायालय में पुरजोर तरीके से लड़ेंगे। जबकि कांग्रेस और कमलनाथ सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लेकर केवल भ्रम फैलाने का काम किया है। आज कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ओबीसी आरक्षण को लेकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं उन्हें अगर इस वर्ग की इतनी ही चिंता होती तो जब उनकी सरकार थी, तब हाईकोर्ट में सुनवाई के समय एडव्होकेट जनरल को खड़े क्यों नहीं कर पाये? उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में 27 ओबीसी समाज से जुड़े सांसदों को मंत्रिमंडल में स्थान देकर उन्हें विकास की दिशा में आगे बढ़ाएं जिस कांग्रेस ने लोकसभा और राज्यसभा सदन में उनका परिचय तक नहीं होने दिया जब उनकी जन आशीर्वाद यात्रा है भाजपा नेतृत्व ने निकालने का निर्णय लिया कांग्रेस के नेताओं ने उस पर भी उंगली उठाना शुरू कर दी मैं बता देना चाहता हूं कांग्रेस के नेताओं को कि आप लोकसभा में परिचय रोक सकते हैं लेकिन जनता के सामने उनके आशीर्वाद को नहीं रोक सकते जन आशीर्वाद यात्रा में अपार जनसमर्थन हर समाज का मिलता हुआ दिखाई दे रहा है तो जिससे कांग्रेस के नेता बौखला गए। यह उद्गार उन्होंने अपने प्रथम नगर आगमन के तहत मेहगांव एवं गोरमी में आयोजित धन्यवाद सभा में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम जनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

## दहेज लोभियों पर मामला दर्ज

भिण्ड। गोहद थाना अंतर्गत एक महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया है। पीड़ित महिला ने बताया कि ससुराल वाले चाहते हैं कि बहू बैंक की नौकरी छोड़कर सास-ससुर की सेवा करे या फिर मायके से 5 लाख रुपए लाए। इसी बात पर झगड़ा भी होता था। महिला ने थाने में इसकी शिकायत कर दी। गोहद चौराहा थाना प्रभारी ओपी मिश्रा के मुताबिक गोहद के वार्ड 19 में रहने वाली प्रियागनी गुप्ता की शादी नवंबर 2019 में झांसी में रहने वाले प्रतीक गुप्ता के साथ हुई थी। प्रतीक और प्रियागनी दोनों ही बैंक में नौकरी करते हैं। शादी के बाद सास सीमा और ससुर राजकुमार बहू की नौकरी पर विरोध दर्ज कराने लगे। दोनों चाहते थे, बहू नौकरी छोड़कर घर का कामकाज संभाले।

जब प्रियागनी ने मना किया, तो उसके साथ मानसिक प्रताड़ना का व्यवहार करने लगे। इसका सपोर्ट भोपाल में रहने वाली ननद नीलम कर रही थी। पति प्रतीक भी माता पिता की सहमति में था। सभी चाहते थे, नौकरी छोड़े या फिर मायके से दहेज के तौर पर पांच लाख लाए। इसकी शिकायत महिला ने गोहद चौराहा थाना पहुंचकर की। विवाहिता की शिकायत पर दोनों पक्षों की पुलिस द्वारा काउंसिलिंग कराई गई। जब दोनों ही पक्ष अपनी अपनी बात

## अवैध शराब की बिक्री करते हुए युवक गिरफ्तार

भिण्ड। गोहद थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.9 में अब्दुल पुरा एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर उसके पास से शराब की जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार दीपक पुत्र राजू खान निवासी वार्ड क्र.9 जो क्षेत्र के अब्दुलपुरा वार्ड क्र.9 में अवैध शराब की बिक्री करते हुए दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से 18 देशी क्वार्टर प्लेन मदिरा, कीमत 1 हजार 260 रुपये की जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई लहार की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



भिण्ड। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई लहार की बैठक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार में प्रांतीय नेतृत्व के आदेश अनुसार संभागीय अध्यक्ष राजेश सिंह कुशवाह एवं जिला अध्यक्ष भिंड आनंद सिंह भदोरिया, जिला संयोजक भिण्ड जानकी नंदन समाधिया, जिला संगठन मंत्री राज नारायण मिश्रा, अनुशासन समिति के अध्यक्ष अजमेर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह तोमर, भिंड ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र तोमर एवं जिला सचिव उपेंद्र भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी अनिल सेंगर एवं जिला सलाहकार इंद्रपाल सिंह नागर की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन सिंह कुशवाह एवं ब्लॉक कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव के द्वारा आजीवन संकुल केंद्र प्रभारियों की सूची एबम ब्लॉक इकाई लहार की ओर से मांग पत्र भी जिला अध्यक्ष जी को सौंपा गया आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आदेश अनुसार प्रत्येक ब्लॉक इकाई एवं तहसील इकाई पर अध्यापकों की प्रमुख मांग,पुरानी पेंशन बहाली के लिए आगामी आंदोलन की रणनीति बनाने पर चर्चा की गई एवं संगठन के विस्तार के लिए सभी साथियों द्वारा सहयोग करने की बात भी रखी गई ब्लॉक इकाई लहार के द्वारा संकुल केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार जिसमें जन शिक्षा केंद्र शासकीय ठाकुर ज्ञान सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैसपुरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजनार एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार के आजीवन संकुल प्रभारी के द्वारा 95 प्रतिशत आजीवन सदस्यता पूर्ण कर 100 प्रतिशत आजीवन सदस्यता करने का लक्ष्य रखा गया है इसी लक्ष्य के अंतर्गत संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असवार के द्वारा भी सत प्रतिशत आजीवन सदस्यता पूर्ण कर ली गई है एवं संकुल केंद्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार एवं संकुल केंद्र विकास खंड शिक्षा अधिकारी लहार के द्वारा भी 80त्न आजीवन सदस्यता पूर्ण कर ली गई है बैठक में ब्लॉक इकाई लहार के सभी पदाधिकारियों एवं संकुल केंद्र प्रभारी एवं उनकी कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के द्वारा 100 प्रतिशत आजीवन सदस्यता का लक्ष्य रखा गया, जिला संयोजक जानकी नंदन समाधिया, ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन सिंह एवं कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव के द्वारा जिलाध्यक्ष भिण्ड को 152 नवीन आजीवन सदस्यों की सूची एवं 76 हजार की राशि का चेक भी प्रदान किया। ब्लॉक इकाई लहार के द्वारा तीनो संकुल केंद्रों की कार्यकारिणी की सूची भी जिला अध्यक्ष जी को सौपी गई, जिलाध्यक्ष जी द्धारा अपने उध्बोधन में कहा कि हम सभी की अंतिम मांग पुरानी पेन्सिन बहाली के लिये आन्दोदन की रूप रेखा प्रांतीय स्तर से बन गयी है और 2021 के अंत तक हम सभी को संगठित होकर संघर्ष कर इस प्रमुख मांग को प्राप्त करना है। जिलाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी प्रांतीय बैठक का आयोजन भिंड में ही मुख्यमंत्री की उपस्थिति में संपन्न कराया जाएगा।

## काली माता मंदिर से बाइक चोरी

भिण्ड। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के इटावा रोड पर स्थित काली माता मंदिर के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर चोंरो व बाइक की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार अंकुश पुत्र राजेन्द्र प्रसाद चौधरी निवासी अग्रवाल कॉलोनी ने बताया 16 अगस्त 2021 दोपहर 2.30 बजे क्षेत्र के काली माता मंदिर के सामने इटावा रोड पर बाइक क्रमांक एमपी30एमएन9756 से गया था और मंदिर के अंदर दर्शन करने लगा, इसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## सर्प दंश से महिला की मौत

भिण्ड। दबोह थाना क्षेत्र के ग्राम मुरावली में एक महिला को घर पर सांप ने डस लिया, जिससे उसकी तबियत खराब हुई तो परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर दौड़े तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 24 अगस्त दोपहर 2 बजे सुनीता पत्नी विजय शाक्य उम्र 35 वर्ष निवासी मुरावली जिसे घर पर किसी जहरीली सांप ने काट लिया और उसकी तबियत बिगड़ी तो अस्पताल में इलाज के लिए लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत जिले में 1047 हितग्राही लाभान्वित

### नगरपालिका परिषद भिण्ड के सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित




भिण्ड । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बालाघाट से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्रातियों को राशि वितरण और हितग्राही संवाद के लाइव प्रसारण को देखा एवं उसका अनुश्रवण नगर पालिका परिषद भिण्ड के सभाकक्ष में विधायक भिण्ड संजीव सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिसमें कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूंडा महेश बड़ोले, एलडीएम, सीएमओ नगर पालिका सुरेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम से 8 हितग्राहियों को प्रतीकात्मक स्वरूप 10-10 हजार रूपयें के स्वीकृति पत्र प्रदान किये एवं 1 हितग्राही को 20 हजार रूपयें का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इस प्रकार से जिले के 1047 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संजीव सिंह ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार गरीब व्यक्तियों के उत्थान की दिशा में काम कर रही है। जिसके अंतर्गत फुटपाथ पर ठेले लगाने वाले छोटे व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों को 10 हजार रूपयें की राशि विगत वर्ष मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना के अंतर्गत दिलाई गई थी। उनके द्वारा ऋण चुकता करने पर 20 हजार रूपये की राशि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत बडा व्यवसाय डालने के लिए प्रदान की जा रही है। मप्र की सरकार गरीबो की उत्थान की दिशा में काम कररही है। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत जिले के पात्र व्यक्तियों को स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराये गये है। जिनके माध्यम से हितग्राही आत्मनिर्भर बनकर अपना व्यवसाय डालने में समक्ष बनगे। उन्होने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना में ठेला वाले, रेडी वाले, दुकान वाले द्वारा 10 हजार रूपये का ऋण चुकाने पर 20 हजार रूपयें का और ऋण प्रदान करने की सुविधा मप्र सरकार द्वारा प्रदान की गई है। साथ ही 20 हजार रूपये का ऋण चुकाने पर 50 हजार का ऋण देने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने पीएम स्वनिधि योजना के संवंध में जानकारी प्रदान की।



### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत गोरमी नगर पंचायत ने आधा सैकड़ा हितग्राहियों को चेक वितरित

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 50 हजार शहरी पथ विक्रताओं को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा रविवार को 50 करोड़ की राशि का वितरण किया गया। इसी योजना तहित पात्र लगभग आधा सैकड़ा हितग्राहियों को नगर पंचायत गोरमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा माला पहनाकर दस-दस हजार के चेक वितरित किये गये जारी की गई। नगर पंचायत भवन में द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत गोरमी के प्रशासक एवं नायब तहसीलदार शिवदत्त कटारे नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामदत्त तिवारी भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने केंद्र की नरेंद मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया कि उन्होंने गरीबों के रोजगार के लिए इतनी महत्वाकांक्षी योजना चालू की जिससे हर गरीब का अपना छोटा कारोवार करने में काफी मदत मिलेगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अशोक कुमार ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया अंत में आभार प्रकट सब इंजीनियर सुरेंद्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमल दीक्षित रणवीर परमार अरविंद जैन, आजाद थापक, हरिओम कटारे, राजीव श्रीवास्तव, अशोक नरवरिया, रज्जन भदौरिया, राहुल कटारे, एवं स्थानीय पत्रकार मौजूद थे।

## भारत-यूएस की करीबी

अफगानिस्तान में तेजी से बदल रहे हालात से नई-नई चुनौतियों के सिर उठाते ही भारत और अमेरिका की साझेदारी भी नए स्तर पर जा रही है। अमेरिका ने काबुल एयरपोर्ट पर भारतीय वायुसेना के विमान की उड़ान के प्राथमिकता दी। इस कारण भारत को अपने राजनयिकों को वापस लाने में खास मुसीबत नहीं हुई। ध्यान रहे कि काबुल हवाई अड्डे की सुरक्षा अब भी अमेरिकी सैनिकों के हाथ में ही है। तालिबान ने कब्जे के बाद से ही काबुल हवाई अड्डे तक जाने वाले रास्तों पर चेकपॉइंट्स लगा रहा है जिससे लोग एयरपोर्ट नहीं पहुंच रहे थे, मगर अमेरिका के सख्त रवैये के बाद तालिबान पीछे हटा और भारतीयों की राह आसान हुई। बदलते भूराजनैतिक परिदृश्य में तालिबानी नेतृत्व वाले अफगानिस्तान के साथ रूस, चीन और पाकिस्तान के बढ़ते तालमेल भी अमेरिका और भारत की करीबी बढ़ा रहा है। इसका क्षेत्रीय सुरक्षा और बड़ी ताकतों के बीच प्रतिस्पर्धा पर बड़ा असर देखा जा सकता है। नए अनौपचारिक समूह संगठन में कतर और तुर्की की भूमिका बाहरी ही सही, लेकिन महत्वपूर्ण है। खबरें आ रही हैं कि अफगानिस्तान की सत्ता में तालिबान की वापसी की तथाकथित डील तुर्की में हुई थी जबकि कतर ने काबुल से राजनयिकों और विदेशियों को निकालने में मदद का वादा किया था। अफगानिस्तान में तालिबानियों का कब्जा पूरी दुनिया के लिए एक नया सिरदर्द साबित होने वाला है। जिस तरह से पाकिस्तान ने सत्ता वापसी में तालिबान की मदद की है, उससे भारत की चिंताएं भी बढ़ गई हैं। तालिबान का उदय भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौती पेश करेगा। भारतीय दृष्टिकोण से देखें तो अफगानिस्तान में तालिबान का उदय न केवल पहले कदम के रूप में बड़े पैमाने पर कट्टरपंथ के साथ मोदी सरकार के लिए आंतरिक सुरक्षा चुनौती पेश करेगा, बल्कि यह भारत पर हमला करने के लिए पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों को भी प्रोत्साहित करेगा। भले ही देवबंदी और सलाफी अलग-अलग इस्लामी स्कूल हैं, मगर पाकिस्तानी ने देवबंदी हक्कानी नेटवर्क की मदद से अतीत में काबुल में भारतीय दूतावास पर हमला करने के लिए लश्कर-ए-तैयबा जैसे सलाफी समूहों का इस्तेमाल किया है। इससे साफ होता है कि तालिबान के उदय से भारत की चिंता बढने ही वाली है। भले ही जैश और लश्कर के आतंकियों को भारत के खिलाफ संयुक्त आतंकवादी अभियान चलाने के लिए नहीं जाना जाता है, मगर पाक की आईएसआई ने सुनिश्चित किया है कि उन्हें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक ही पैड से लॉन्च किया जाए। ठीक इसी तरह जैश ने अफगानिस्तान में तालिबान के साथ काम किया है, मगर यह आईएसआई ही था जिसने हक्कानी नेटवर्क को पूर्व में जलालाबाद और कंधार में भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावासों पर हमला करने के लिए लश्कर आतंकियों की मदद करने के लिए मजबूर किया था। इस तरह से यह बिल्कुल स्पष्ट है कि पाकिस्तान जिहाद का अड्डा होने के साथ-साथ आईएसआई अफगानिस्तान में तालिबान के जिहाद नियंत्रण कक्ष में बड़ी भूमिका में होगा। पाकिस्तान अपने मंसूबों को पूरा करने और भारत के खिलाफ अपनी खीझ उतारने को सुन्नी आतंकवादी समूह का उपयोग करेगा। इतना ही नहीं, पाकिस्तान अपने वैश्विक विरोधियों के खिलाफ भी तालिबान का इस्तेमाल करेगा और इस तरह से यह नया वैश्विक सिरदर्द होगा।

# धर्म- संस्कृतिः जन्माष्टमी पर लगता है दरगाह में मेला

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में झुंझुनू जिले के नरहड़ में स्थित पवित्र हाजीब शक्करबार शाह की दरगाह कौमी एकता की जीवन्त मिशाल हैं। इस दरगाह की सबसे बड़ी विशेषता हैं कि यहां सभी धर्मो के लोगों को अपनी-अपनी धार्मिक पद्धति से पूजा अर्चना करने का अधिकार है। कौमी एकता के प्रतीक के रुप मे ही यहां प्राचीन काल से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशाल मेला भरता है। जिसमे देश के विभिन्न हिस्सों से हिन्दुओं के साथ मुसलमान भी पूरी श्रद्धा से शामिल होते हैं।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नरहड़ में भरने वाला विशाल मेला और अष्टमी की रात होने वाला रतजगा सूफी संत हजरत शकरबार शाह की इस दरगाह को देशभर में कौमी एकता की अनूठी मिसाल का अद्भुत आस्था केंद्र बनाता है। जहां हर धर्म-मजहब के लोग हर प्रकार के भेदभाव को भुलाकर बाबा की बारगाह में सजदा करते हैं। दरगाह के खादिम एवं इंतजामिया कमेटी करीब सात सौ वर्षो से अधिक समय से चली आ रही सांप्रदायिक सद्भाव को प्रदर्शित करने वाली इस अनूठी परम्परा को सालाना उर्स की माफिक ही आज भी पूरी शिद्दत से पीढ़ी दर पीढ़ी निभाते चले आ रहे हैं। भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की छठ से शुरू होने वाले इस तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन में दूर-दराज से नरहड़ आने वाले हिंदू जात्री दरगाह में नवविवाहितों के गठजोड़े की जात एवं बच्चों के जड़ूले उतारते हैं।

जन्माष्टमी पर यहां भरने वाले तीन दिवसीय मेले में राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, दिल्ली, आंध्रप्रदेश व महाराष्ट्र के लाखों जायरीन शरीक होते हैं। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भरने वाले इस मेले में हिंदू धर्मावलंबी भी बड़ी तादाद में शिरकत कर अकीदत के फूल भेंट करते हैं। जायरीन यहां हजरत हाजिब की मजार पर चादर, कपड़े, नारियल, मिठाइयां और नकद रुपया भी भेंट करते हैं।

दरगाह के वयोवृद्ध खादिम हाजी अजीज खान पठान बताते हैं कि यह कहना तो मुश्किल है कि नरहड़ में जन्माष्टमी मेले की परम्परा कब और कैसे शुरू हुई? लेकिन इतना जरूर है कि देश विभाजन एवं उसके बाद और कहीं संप्रदाय, धर्म-मजहब के नाम पर भले ही हालात बने-बिगड़े हों पर नरहड़ ने सदैव हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल ही पेश की है।

अजीज खान बताते हैं कि जन्माष्टमी पर जिस तरह मंदिरों में रात्रि जागरण होते हैं ठीक उसी प्रकार अष्टमी को पूरी रात दरगाह परिसर में चिड़ावा के प्रख्यात दूलजी राणा परिवार के कलाकार ख्याल (श्रीकृष्ण चरित्र नृत्य नाटिकाओं) की प्रस्तुति देकर रतजगा कर पुरानी परम्परा को आज भी जीवित रखे हुए है। नरहड़ का यह वार्षिक मेला अष्टमी एवं नवमी को पूरे परवान पर रहता है। दरगाह परिसर में गोगा पीर का स्थान बना हुआ है जहां दरगाह में आने वाले श्रद्धालु श्रद्धा से शीश झुकाते हैं। दरगाह परिसर में हाजी बाबा की मजार के पास स्थित गोगापीर का स्थान कौमी एकता का संदेश देता हैं।

मान्यता है कि पहले यहां दरगाह की गुम्बद से शक्कर बरसती थी इसी कारण यह दरगाह शक्करबार बाबा के नाम से भी जानी जाती हैं। शक्करबार शाह अजमेर के सूफी संत ख्वाजा मोइनुदीन चिश्ती के समकालीन थे तथा उन्ही की तरह सिद्ध पुरुष थे। शक्करबार शाह ने ख्वाजा साहब के 57 वर्ष बाद देह त्यागी थी। राजस्थान व हरियाणा मे तो शक्करबार बाबा को लोक देवता के रुप मे पूजा जाता है। शादी, विवाह, जन्म, मरण कोई भी कार्य हो बाबा को अवश्य याद किया जाता है इस क्षेत्र के लागो की गाय, भैंसों के बछड़ा जनने पर उसके दूध से जमे दही का प्रसाद पहले दरगाह पर चढ़ाया जाता हैं तभी पशु का दूध घर में इस्तेमाल होता है।



हाजिब शक्करबार साहब की दरगाह के परिसर में जाल का एक विशाल पेड़ हैं जिस पर जायरीन अपनी मन्नत के धागे बांधते हैं। मन्नत पूरी होने पर गांवो मेंर रतजगा होता है जिसमें महिलाएं बाबा के बखान के लोकगीत जकड़ी गाती हैं। दरगाह में बने संदल की मिट्टी को खाके शिफा कहा जाता हैं। जिन्हे लोग श्रद्धा से अपने साथ ले जाते। लोगो की मान्यता है कि इस मिट्टी को शरीर पर मलने से पागलपन दूर हो जाता हैं। दरगाह में ऐसे दृश्य देखे जा सकते हैं।

हजरत के अस्ताने के समीप एक चांदी का दीपक हर वक्त जलता रहता हैं। इस चिराग का काजल बड़ा ही चमत्कारी माना जाता है। इसे लगाने से आंखो के रोग दूर होने का विश्वास हैं। दरगाह के पीछे एक लम्बा चैड़ा तिबारा है जहां लोग सात दिन की चैकी भरकर वहीं रहते है। नरहड़ दरगाह मे कोई सज्जादानसीन नही हैं। यहां के सभी खादिम अपना अपना फर्ज पूरा करते हैं।

दरगाह मे बाबा के नाम पर देश - विदेश से प्रतिदिन बड़ी संख्या मे खत आते है जिनमे लोग अपनी-अपनी समस्याओं का जिक्र कर बाबा से मदद की अरदास करते हैं। दरगाह कमेटी के पूर्व सदर मास्टर सिराजुल हसन फारुकी बताते थे कि जिस प्रकार ख्वाजा मोइनुदीन चिश्ती को 'सूफियों का बादशाह ' कहा गया है। उसी प्रकार शक्करबार शाह बागड़ के धणी के नाम से प्रसिद्ध हैं।

नरहड़ गांव कभी राजपूत राजाओं की राजधानी हुआ करता था। उस समय यहां 52 बाजार थे। पठानों के जमाने यहां के लोदी खां गर्वनर थे। राजपूतों के साथ चले युद्ध में उनकी लगातार पराजय हुई। किंवदंति है कि एक बार हार से थक कर चूर हुए लोदी खां और उनकी सेना मजार के निकट विश्राम कर रही थी, तभी पीर बाबा की दिव्य वाणी हुई कि मेरी मजार तक घोड़े दौड़ाने वाले तुम कैसे विजयी हो सकते हो? यदि मजार से हटकर लड़ोगे तो तुम्हारी जीत होगी। इसके बाद लोदी खां ने फिर से आक्रमण किया जिसमें उनकी जीत हुई। उसी समय से यहां हजरत शकरबार पीर बाबा का आस्ताना कायम है। उसी समय यहां मजार व दरगाह का निर्माण करवाया गया। जायरीन में प्रवेश करने वाले प्रत्येक जायरीन को यहां तीन दरवाजों से गुजरना पड़ता है। पहला दरवाजा बुलंद दरवाजा है, दूसरा बसंती दरवाजा और तीसरा बगली दरवाजा है। इसके बाद मजार शरीफ और मस्जिद है।

बुलंद दरवाजा 75 फिट ऊंचा और 48 फिट चैड़ा है। मजार का गुंबद चिकनी मिट्टी से बना हुआ है, जिसमें पत्थर नहीं लगाया गया है। कहते है कि इस गुंबद से शक्कर बरसती थी, इसलिए बाबा को शकरबार नाम मिला। नरहड़ के इस जोहड़ में दूसरी तरफ पीर बाबा के साथी दफन है जिन्हें घरसों वालों का मजार के नाम से जाना जाता है।

इतना महत्तवपूर्ण स्थल होने के उपरान्त भी राजस्थान वक्फ बोर्ड की उदासीनता के चलते यहां का समुचित विकास नही हो पाया है इस कारण यहां आने वाले जायरीनो को परेशानी उठानी पड़ती हैं। झुंझुनू जिला प्रशासन, राजस्थान वक्फ बोर्ड को इस प्रसिद्व दरगाह परिसर का योजनाबद्ध ढ़ंग से समुचित विकास करवाना चाहिये ताकि यहां आने वाले श्रृद्धालुओं को असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़े।

## कर्त्तव्य को बनाएं सर्वोपरि लक्ष्य

अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा- 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला-रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक-हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था। महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया। ये दो उदाहरण हैं - हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद-प्रतिष्ठा और सुख-सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है। वह संस्कृति सफल होती है जो कर्त्तव्यनिष्ठा व्यक्तियों को जन्म देती है। वह शताब्दी सफल होती है, जो कर्त्तव्य की धारा को सतत प्रवाही बनाकर जन-जन तक पहुंचाती है।

# श्रीकृष्ण का जीवन दर्शन एवं अलौकिक लीलाएं

**योगेश कुमार गोयल**

जन्माष्टमी का त्यौहार प्रतिवर्ष भाद्रपक्ष कृष्णाष्टमी को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व का भारतीय संस्कृति में इतना महत्व इसीलिए माना गया है क्योंकि श्रीकृष्ण को भारतीय संस्कृति का विलक्षण महानायक माना गया है। उनके व्यक्तित्व को जानने के लिए उनके जीवन दर्शन और अलौकिक लीलाओं को समझना जरूरी है। द्वापर युग के अंत में मथुरा में अग्रसेन नामक राजा का शासन था। उनका पुत्र था कंस, जिसने बलपूर्वक अपने पिता से सिंहासन छीन लिया और स्वयं मथुरा का राजा बन गया। कंस की बहन देवकी का विवाह यदुवंशी वसुदेव के साथ हुआ। एक दिन जब कंस देवकी को उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई, हे कंस! जिस देवकी को तू इतने प्रेम से उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा है, उसी का आठवां बालक तेरा संहारक होगा। आकाशवाणी सुन कंस घबरा गया। उसने देवकी की ससुराल पहुंचकर जीजा वसुदेव की हत्या करने के लिए तलवार खींच ली। तब देवकी ने अपने भाई कंस से निवेदन किया कि हे भाई! मेरे गर्भ से जो भी संतान होगी, उसे मैं तुम्हें सौंप दिया करूंगी, उसके साथ तुम जैसा चाहे व्यवहार करना पर मेरे सुहाग को मुझसे मत छीनो।

कंस ने देवकी की विनती स्वीकार कर ली और मथुरा लौट आया तथा वसुदेव एवं देवकी को कारागार में डाल दिया। कारागार में देवकी ने अपने गर्भ से पहली संतान को जन्म दिया, जिसे कंस के सामने लाया गया। देवकी के गिड़गिड़ाने पर कंस ने आकाशवाणी के अनुसार देवकी की आठवीं संतान की बात पर विचार करके उसे छोड़ दिया पर तभी देवर्षि नारद वहां आ पहुंचे और उन्होंने कंस को समझाया कि क्या पता, यही देवकी का आठवां गर्भ हो, इसलिए शत्रु के बीज को ही नष्ट कर देना चाहिए। नारद जी की बात सुनकर कंस ने बालक को मार डाला। इस प्रकार कंस ने देवकी के गर्भ से जन्मे एक-एक कर 7 बालकों की हत्या कर दी। जब कंस को देवकी के 8वें गर्भ की सूचना मिली तो



उसने बहन और जीजा पर पहरा और कड़ा कर दिया। भाद्रपक्ष की कृष्णाष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। उस समय घोर अंधकार छाया हुआ था तथा मूसलाधार वर्षा हो रही थी। तभी वसुदेव जी की कोठरी में अलौकिक प्रकाश हुआ। उन्होंने देखा कि शंख, चक्र, गदा और पद्मधारी चतुर्भुज भगवान उनके सामने खड़े हैं। भगवान के इस दिव्य रूप के दर्शन पाकर वसुदेव और देवकी उनके चरणों में गिर पड़े। तब उन्होंने वसुदेव से कहा, ''अब मैं बालक का रूप धारण करता हूं। तुम मुझे तत्काल गोकुल में नंद के घर पहुंचा दो, जहां अभी एक कन्या ने जन्म लिया है। मेरे स्थान पर उस कन्या को कंस को सौंप दो। मेरी ही माया से कंस की जेल के सारे पहरेदार सो रहे हैं और कारागार के सारे ताले भी अपने आप खुल गए हैं। यमुना भी तुम्हें जाने का मार्ग अपने आप देगी।''

वसुदेव ने भगवान की आज्ञा पाकर शिशु को छाज में रखकर अपने सिर पर उठा लिया। यमुना में प्रवेश करने पर यमुना का जल भगवान श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श करने के लिए हिलोरें लेने लगा और जलचर भी श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श के लिए उमड़ पड़े। गोकुल पहुंचकर वसुदेव सीधे नंद बाबा के घर पहुंचे। घर के सभी लोग उस समय गहरी नींद में सोये हुए थे पर सभी दरवाजे खुले पड़े थे। वसुदेव ने नंद की पत्नी यशोदा की बगल में सोई कन्या को उठा लिया और उसकी जगह श्रीकृष्ण को लिटा दिया। उसके बाद वसुदेव मथुरा पहुंचकर अपनी कोठरी में पहुंच गए। कोठरी में पहुंचते ही कारागार के द्वार अपने आप बंद हो गए और पहरेदारों की नींद खुल गई। कंस को कन्या के जन्म का समाचार मिला तो वह तुरन्त कारागार पहुंचा और कन्या को बालों से पकड़कर शिला पर पटककर मारने के लिए ऊपर उठाया लेकिन कन्या अचानक कंस के हाथ से छूटकर आकाश में पहुंच गई। आकाश में पहुंचकर उसने कहा, ''मुझे मारने से तुझे कुछ लाभ नहीं होगा। तेरा संहारक गोकुल में सुरक्षित है।'' यह सुनकर कृष्ण के मामा कंस के होश उड़ गए। वह कृष्ण को ढूंढ़कर मारने के लिए तरह-तरह के उपाय करने लगा।

# राशन तो मिल रहा था, वो फ़ोटो से डर गया

### सूडोकू नवताल- 5817

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकू नवताल -5816 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**निर्मल रानी**

सत्ता व सत्ता भक्तों द्वारा एक आभासी धारणा का प्रचार किया जाता रहा है कि देश में गत 70 वर्षों में कुछ नहीं हुआ। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालने के मात्र एक वर्ष बाद दक्षिण कोरिया में रह रहे अप्रवासी भारतीयों के एक कार्यक्रम में यह कहा था कि, पहले लोग भारतीय होने पर शर्म करते थे लेकिन अब आपको देश का प्रतिनिधित्व करते हुए गर्व होता है। प्रधानमंत्री के राष्ट्रवाद से परिपूर्ण इस उदगार की जमकर आलोचना हुई थी। कई लोगों ने ट्वीट कर अपना विरोध जताते हुए इस आशय के ट्वीट किये थे कि मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो विदेशी धरती पर भारतीय होते हुए शर्म महसूस कर रहे हैं. जो भारतीय हैं उन्हें हमेशा भारतीय होने पर गर्व होता है। 2014 से लेकर अब तक देश बहुत कुछ बदल भी चुका है। पेट्रोल,डीज़ल,रसोई गैस,खाद्य तेल,रिफ़ाइंड तेल,सब्ज़ियां आदि सभी ज़रूरी चीज़ें इतनी मंहगी हो गयी हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। रेल से लेकर हवाई अड्डे, बंदरगाह, सड़कें, ट्रांसपोर्ट,बी एस एन एल,वेयर हॉउस, विद्युत् उत्पादन केंद्र जैसे तमाम बड़े से बड़े सरकारी उपक्रमों को चंद सत्ता समर्थक उद्योगपतियों के हाथों में सौंपे जाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कहा जा सकता है कि जब यह व इस तरह के और अनेक उपक्रम सरकार व जनता के हाथों में थे उस समय प्रधानमंत्री के अनुसार पहले लोग भारतीय होने पर शर्म करते थे परन्तु अब जब यह सब मुट्ठी भर निजी हाथों में सौंपे जा रहे हैं



उस समय प्रधानमंत्री के ही अनुसार अब आपको देश का प्रतिनिधित्व करते हुए गर्व होता है। गर्व करने लायक़ और भी बहुत कुछ है। करोड़ों लोगों का इसी गर्व काल में बेरोज़गार हो जाना,रोज़गार के नये अवसर मुहैय्या न होना,नोटबंदी व जी एस टी जैसी नीतियों का फ़ेल होना,उसके पश्चात् प्रथम लॉकडाउन के दौरान पूरे देश में करोड़ों लोगों का हज़ारों कलोमीटर की पैदल यात्रा करना,इसी दौरान हज़ारों लोगों का रास्ते में मौत की आग़ोश में समा जाना, फिर कोरोना संकट में अस्पतालों से लेकर शमशान घाटों तक में मची ऐतिहासिक अफ़रा तफ़री और फिर देश की विभिन्न नदियों के किनारे मृतकों की लाशों के तिरस्कार के वीभत्स दृश्य इनमें ऐसी कौन सी बात है जिसपर यह कहा जा सके कि-अब भारतवासियों को देश का प्रतिनिधित्व करते हुए गर्व हो रहा है? परन्तु ऐसा नहीं है। अब भी गर्व करने वाले कर रहे हैं। कश्मीर से धारा 370 हटने पर गर्व,अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर गर्व,मुसलमानों को दबा कर रखने व अपमानित करने की खुली छूट मिलने पर गर्व,मुस्लिम व मुग़ल कालीन तथा उर्दू शब्दों वाले तमाम शहरों,स्टेशन,व सड़कों आदि के नाम बदलने पर गर्व,देश में प्रधानमंत्री ने अपना निजी हाईटेक विमान इंडिया वन ख़रीद लिया,सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत नया प्रधानमंत्री निवास व सचिवालय आदि बनने पर ,दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा कांग्रेस नेता सरदार बल्लभ की लगाई गयी, बुलेट ट्रेन चलने जा रही है... आदि यह सभी गौरवपूर्ण हैं। परन्तु इन सभी गौरव शाली फ़ैसलों व योजनाओं से आख़िर आम भारतवासी के जीवन यापन,उसकी रोज़मर्रा की ज़िन्दिगी पर क्या प्रभाव पड़ने वाला ? हाँ सरकार द्वारा भूख बेरोज़गारी व मंहगाई तथा कोरोना दुष्प्रभावों से त्रस्त जनता को ऊंट के मुंह में ज़ीरे सरीखी राहत पहुँचाने का जो निर्णय प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना के रूप में लिया गया उसकी सराहना ज़रूर की जा सकती है। परन्तु यह योजना भी देशी विदेशी मीडिया में आलोचना के निशाने पर रही क्योंकि जैसे कोरोना टीका प्रमाणपत्र पर पर प्रधानमंत्री के व कुछ राज्यों के मुख्य मंत्रियों के चित्र छपे थे ठीक उसी तरह प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना में जो राशन वितरित किया गया उसपर भी प्रधानमंत्री का बड़ा चित्र छापा गया जबकि जिन राज्यों में यह थैले भेजे गये वहां के मुख्यमंत्रियों के चित्र भी प्रिंट किये गये। अफ़सोस तो यह कि देश के कई राज्यों से शिकायतें आई कि इन थैलों में जो मुफ़्त राशन वितरित किया गया वह बेहद घटिया और कहीं कहीं तो सड़ा हुआ और प्रयोग न कर सकने जैसा भी था।

## गीता उपदेश के निमित्त बने थे श्रीकृष्ण!

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

पुराणों,वेदों और उपनिषदों की माने तो अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक महाभारत कुरुक्षेत्र की भूमि पर हुआ था,लेकिन अपनो का अपनो के ही विरुद्ध युद्ध कैसे धर्म युद्ध कहा जा सकता है?

महाभारत के सूत्रधार योगीराज श्रीकृष्ण क्यो अपनो से ही अपनो को युद्ध के लिए प्रेरित करते ?और उनके मुख से परमात्मा ही क्यो गीता का उपदेश देकर उक्त युद्ध होने देते?सच यह है कि जो परमात्मा हमारा पिता है,जो परमात्मा हमारा सद्गुरु है ,जो परमात्मा हमारा हमारा शिक्षक है,वह हमें क्यो अपनो के ही विरुद्ध करने करने के लिए आत्मा के अजर अमर होने का रहस्य समझाएंगे?वास्तविकता यह कि यह युद्ध अपनो ने अपनो के विरूद्ध किया ही नही,बल्कि अपने अंदर छिपे विकारो के विरुद्ध यह युद्ध लड़ने की सीख दी गई।यानि हमारे अंदर जो रावण रूपी,जो कंस रूपी, जो दुर्योधन रूपी ,जो दुशासन रूपी काम,क्रोध, अहंकार, मोह,लोभ छिपे है, उनका खात्मा करने और हमे मानव से देवता बनाने के लिए गीता रूपी ज्ञान स्वयं परमात्मा ने दिया ।जिसके निमित्त बने थे श्रीकृष्ण।परमात्मा के इसी ज्ञान की आज फिर से आवश्यकता है।तभी तो परमात्मा शिव प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जैसी संस्थाओं के माध्यम से कलियुग का अंत और सतयुग के आगमन का यज्ञ रचा रहे है।जिसमे दुनियाभर से 140 से अधिक देश परमात्मा के इस मिशन को पूरा करने में लगे है। श्रीमद्भागवत गीता मात्र परमात्मा का उपदेश नही है, अपितु यह जीवन पद्धति का सार भी है।यह मानव में व्याप्त विभिन्न रोगों के उपचार की पद्धति भी है तो जीवन जीने की अदभुत कला का सूत्र भी।श्रीमदभागवत के अठारह अध्यायों में ज्ञान योग,कर्म योग,भक्ति योग का समावेश है। जिससे लगता है मां सरस्वती स्वयं प्रकट होकर अज्ञान रूपी तमस को समाप्त कर ज्ञान रूपी सूर्य का उदय करती है।गीता ज्ञान केवल भारतीय जनमानस के लिए ही हो ऐसा भी कदापि नही है, बल्कि यह सम्पूर्ण संसार का एक ऐसा दिव्य व भव्य ज्ञान ग्रन्थ है जिसे स्वयं परमात्मा ने रचा है।तभी तो श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों में बार बार परमात्मा उवाच आता है । जिसका अर्थ है परमात्मा कहते है।स्वयं योगीराज श्रीकृष्ण के मुखारबिंद से निकले श्लोकों में भी परमात्मा उवाच पढ़ने व सुनने को मिलता है।जिससे स्पष्ट है कि श्रीमद्भागवत गीता के रचयिता स्वयं परमात्मा है और योगीराज श्रीकृष्ण ,परमात्मा के इस पुनीत यज्ञ के लिए निमित्त बने थे।

# ऐक्ट्रेस साक्षी मलिक ने शेयर कीं मालदीव वकेशन की तस्वीरें



ऐक्ट्रेस-मॉडल साक्षी मलिक फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी के सॉन्ग बम डिग्गी डिग्गी के लिए जानी जाती हैं। इसके साथ ही वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अपनी ग्लैमरस फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। साक्षी मलिक ने एक बार फिर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तीन तस्वीरें शेयर की हैं। उनकी ये थ्रोबैक तस्वीरें मालदीव वकेशन की हैं। इसके साथ ही साक्षी मलिक ने फैंस से अपने अगले हॉलिडे डेस्टिनेशन को लेकर राय मांगी है। साक्षी मलिक ने अपनी तस्वीरों के साथ के साथ लिखा, क्या मुझे फिर से मालदीव जाना चाहिए या यूरोप के फिर से खुलने का इंतजार करना चाहिए? बताते चलें कि साक्षी मलिक के इंस्टाग्राम पर करीब 6 मिलियन फॉलोवर हैं। साक्षी मलिक ने जो तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। पहली और दूसरी तस्वीर में वह स्विमसूट में नजर आ रही हैं। तीसरी तस्वीर में साक्षी मलिक अपने बॉयफ्रेंड सांतुल कटहरा के साथ बैठी हुई हैं। साक्षी मलिक ने पंजाबी सॉन्ग से अपना ऐक्टिंग डेब्यू किया था लेकिन उन्हें फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी के सॉन्ग से लोकप्रियता मिली थी। इस गाने से उन्होंने लोगों को इम्प्रेस किया था। बताते चलें कि साक्षी मलिक ने फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी के सॉन्ग बम डिग्गी डिग्गी में कार्तिक आर्यन और सनी सिंह के साथ काम किया था। इस फिल्म का डायरेक्शन लव रंजन ने किया था।

## टाइगर श्राफ ने रिलीज किया 'गणपत पार्ट एक' का मोशन पोस्टर



बॉलीवुड के माचो मैन टाइगर श्राफ ने अपनी आने वाली फिल्म 'गणपत पार्ट एक' का मोशन पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। टाइगर श्रॉफ इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। टाइगर अक्सर अपने फैंस के साथ अपने फोटोज वीडियो शेयर करते रहते हैं। इस बीच टाइगर श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर अपनी आगामी फिल्म 'गणपत पार्ट एक' का मोशन पोस्ट रिलीज किया है। टाइगर श्रॉफ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पोस्टर शेयर कर कैप्शन लिखा, सुना है मुड़ने वाली है कल सुहब ठीक 10:40 को' और एक इमोजी शेयर किया है। उनके इस पोस्टर को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इससे पूर्व टाइगर श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम पर नवंबर में फिल्म गणपत पार्ट 1' का एक टीजर पोस्टर शेयर किया था। जिसमें वो बोल रहे हैं, जब अपन डरता है ना तो अपन बहुत मारता है। उन्होंने टीजर शेयर का खास कैप्शन भी लिखा था। आप लोगों के लिए ये मेरा विशेष रूप पेश है, गणपत अधिक एक्शन, थ्रिल और मनोरंजन के लिए तैयार हो जाओ।

## भूमि पेडनेकर कर रहीं रुटीन में वापसी की कोशिश

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का कहना है कि अब वह बीमारी से उबर चुकी हैं और फिर से अपने रुटीन में वापस आने की कोशिश कर रही हैं। भूमि ने इंस्टाग्राम पर एक बूमरैंग वीडियो पोस्ट किया है। इसमें वह नीले रंग की स्पोर्ट्स ब्रा और ब्लैक लाइक्रा पहनी हुई हैं। इसके साथ



उन्होंने लिखा है, 3 दिन की बीमारी के बाद, आराम से भोजन किया और बहुत कम सोई (रुटीन में वापस आने की कोशिश रही हूं)। ब्लैक जैकेट पहने हुए उन्होंने अपनी एक और क्लिप शेयर की है और लिखा है, ठीक है, मैं कोशिश कर रही हूं ..। अभी भूमि बधाई दो की शूटिंग में व्यस्त हैं, जो कि बधाई हो फिल्म का दूसरा पार्ट है। पहली फिल्म में आयुष्मान खुराना और सान्या मल्होत्रा थे, वहीं दूसरे पार्ट में भूमि के साथ राजकुमार राव दिखाई देंगे। इस फिल्म के निर्देशक हर्षवर्धन कुलकर्णी हैं। वहीं फिल्म की कहानी बधाई दो लिखने वाले सुमन अधिकारी और अक्षत घिल्डियाल ने ही लिखी है।

# सारा अली खान को लोगों ने याद दिलाए संस्कार



सारा अली खान इन दिनों अपने टोन्ड ऐब्स ऐंड लेग्स को फ्लॉन्ट करने में बिल्कुल भी नहीं हिचकिचा रही हैं। इसके लिए इस अदाकारा के कपड़ों की चॉइस में भी चेंज देखा जा रहा है। आमतौर पर सूट पसंद करने वाली सारा अब शॉर्ट्स, क्रॉप टॉप्स ऐंड स्पोर्ट्स ब्रा के कॉम्बिनेशन में ज्यादा दिखाई दे रही हैं। इस बार भी जब वह इसी लुक में निकलीं, तो कुछ लोगों से रहा नहीं गया और उन्होंने यंग ऐक्ट्रेस के कपड़ों की लेंथ पर सवाल उठा दिए। दरअसल, सारा अली खान को मुंबई के जुहू इलाके में स्थिति एक सलॉन के बाहर स्पॉट किया गया था। इस दौरान अदाकारा को न्यू हेयरस्टाइल भी फ्लॉन्ट करते देखा गया। उन्होंने अपने शॉर्ट लेंथ हेयर को ऊपर से स्ट्रेट रखवाते हुए, नीचे से वेव में स्टाइल किया था। ये हेयरस्टाइल उनके ओवरऑल लुक के साथ एकदम परफेक्ट मैच लग रही थी। बात करें सारा के कपड़ों की, तो इस अदाकारा ने अपने लिए कूल ऐंड कम्फी क्लोद्स चुने थे। सारा ने ब्लू कलर के डेनिम फैब्रिक से बने माइक्रो लेंथ के शॉर्ट्स पहने थे। इनमें नीचे की ओर फ्रिंजिज ऐड किए गए थे। वहीं फ्रंट में रिप्ड डिजाइन भी दिखाई दे रही थी, जो शॉर्ट्स के स्टाइल एलिमेंट को और बढ़ाती नजर आई। सारा ने इन शॉर्ट्स को ब्लैक कलर के क्रॉप टॉप के साथ मैच किया था। इस क्रॉप्ड टी-शर्ट में जूल नेकलाइन और हाफ स्लीव्स थीं। वहीं फ्रंट पर डिजनी के कार्टून कैरेक्टर्स का कलरफुल प्रिंट देखा जा सकता था, जो उसे क्यूट टच दे रहा था। ऐक्ट्रेस ने लुक को वाइट स्नीकर्स के साथ कंप्लीट किया था। इन पर टॉप से मैच करते प्रिंट जैसे कलर्स उन्हें कूल टच दे रहे थे। ऐक्ट्रेस के इस सलॉन विजिट लुक को कुछ लोग पचा नहीं सके और उन्होंने सोशल मीडिया पर इसे लेकर अपनी राय जाहिर करने में भी देर नहीं लगाई। उन्होंने सारा को निक्कर थोड़ी नीचे करवा लेने की सलाह देने से लेकर सलवार-सूट का ड्रामा खत्म होने जैसे ताने मारे। वहीं कुछ ने तो उन्हें नकली संस्कारी तक कह डाला है। वेल, जिसे जो कहना है, वो कह सकता है। लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि सारा अली खान का ये लुक काफी कूल था। ऐब्स ऐंड टोन्ड लेग्स को फ्लॉन्ट करती इस आउटफिट में सारा अपनी ऐज के मुताबिक, बबली ऐंड स्टाइलिश लग रही थीं। उनके कपड़ों का यह कॉम्बिनेशन ऐसा है, जिसे दूसरी लड़कियां भी चाहें, तो ट्राई कर सकती हैं।

# इंडस्ट्री में नजरों से दूर होने का मतलब मन से भी दूर होना है : शमिता शेट्टी

अभिनेत्री शमिता शेट्टी का कहना है कि अपने करियर के शुरुआती दिनों से ही फिल्में साईन करते वक्त उनके मन में कभी भी ज्यादा से ज्यादा फिल्में साइन करने का ख्याल नहीं आया। शमिता ने साल 2000 में आई मल्टीस्टारर ब्लॉकबस्टर फिल्म मोहब्बतें से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। रुपहले पर्दे पर उन्हें आखिरी बार साल 2007 में आई फिल्म कैश में देखा गया था। शमिता ने हाल ही में 13 सालों के बाद वेब सीरीज ब्लैक विडोज के साथ अभिनय में अपनी वापसी की है। आने वाले समय में वह सुश्रुत जैन की द टेनेंट में नजर आने वाली हैं।

शमिता ने बताया, शुरू से ही मैंने चॉन्टिटी पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया और मैंने ऐसा किया होता, तो शायद मेरे लिए प्रासंगिक बने रहना मुश्किल हो



जाता इसलिए मुझे नहीं लगता है कि मैंने परियोजनाओं की अधिकाधिक संख्या पर कभी गौर फरमाया है।

उन्होंने आगे कहा, लेकिन दुर्भाग्य से आप एक ऐसी इंडस्ट्री में हैं, जहां निगाहों से दूर जाने का मतलब है कि आप लोगों के दिमाग से भी दूर चले गए हैं और मेरे ख्याल से ऐसा मेरे साथ कई बार हुआ है। शमिता आगे कहती हैं, पहले-पहले मुझे इन सबका बुरा लगता था, लेकिन अब मुझे इसकी कोई चिंता नहीं है क्योंकि करने के लिए कई सारी चीजें हैं और एक इंसान के तौर पर अगर मैं खुश हूं, तो यही सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। मैं अपने समय का सदुपयोग कुछ न कुछ सीखने में करती हूं ताकि एक इंसान के तौर पर मेरा खुद का विकास हो सके और मैं इन चीजों के साथ खुश हूं।

## अथिया शेट्टी ने शेयर की स्टाइलिश तस्वीर



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस अथिया शेट्टी सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। अथिया शेट्टी ने एक बार फिर अपनी तस्वीर शेयर की है। उनकी इस तस्वीर पर उनके कथित बॉयफ्रेड और भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल ने रिऐक्शन दिया है। अथिया शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। ऐसा लग रहा है कि उनकी यह तस्वीर किसी फोटोशूट की है। अथिया शेट्टी के तस्वीर शेयर करते ही डायना पेंटी, अदिति राव हैदरी, सीमा खान, इसावेल कैफ, कृष्णा श्रॉफ, दिवा धवन सहित तमाम बी-टाउन सिलेब्स ने कॉमेंट करना शुरू कर दिया। अथिया शेट्टी के कथित बॉयफ्रेंड केएल राहुल ने कॉमेंट ने सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने कॉमेंट सेक्शन में एक इमोजी शेयर किया है। इमोजी देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं अथिया शेट्टी को देख केएल काफी खुश हैं। यह कोई पहला मौका नहीं है जब उन्होंने ऐक्ट्रेस की तस्वीर पर कॉमेंट किया है। इससे पहले भी उन्होंने कई बार तस्वीरों पर रिऐक्शन दिया है। हाल ही में केएल राहुल और अथिया शेट्टी एक डिनर करते हुए स्पॉट हुए थे। दोनों के साथ रॉबिन उथप्पा, शीतल, केएल राहुल की बहन भावना और क्रिकेटर सिनान खादिर थे। अथिया शेट्टी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिर बार फिल्म मोतीचूर चकनाचूर में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ लीड रोल में थी। उन्होंने अभी अपनी अगली फिल्म की घोषणा नहीं की है।

# बदन दर्द को दूर करने के 7 प्रभावी उपचार, आयुर्वेदाचार्य से जानें कैसे करें इनका इस्तेमाल

बदन दर्द से परेशान लोग अपना काम ठीक प्रकार से नहीं कर पाते। वे हर वक्त तनाव में रहते हैं इसी कारण उनके व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ जाता है। यह दर्द मांसपेशियों में अकड़न के कारण हो सकता है। वहीं जोड़ों में दर्द के कारण शरीर में असामान्यता पैदा हो जाती है लेकिन इसका जल्द से जल्द इलाज होना जरूरी है वरना इसका प्रभाव हमारे रोजमर्रा के कार्यो पर पड़ने लगता है। अगर आप भी बदन दर्द से परेशान है तो कुछ घरेलू उपाय को अपनाकर आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं। आज का हमारा ये लेख इन्हीं घरेलू उपायों पर है। आज हम आपको इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि बदन दर्द में राहत पहुंचाने के लिए आप फायदेमंद घरेलू उपायों का कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए हमने महर्षि आयुर्वेद अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक और आयुर्वेदाचार्य सौरभ शर्मा से भी इनपुट्स मांगे हैं।

### बदन दर्द को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय आपके बेहद काम आ सकते हैं। ये घरेलू उपाय निम्न प्रकार हैं-

**1 - बदन दर्द को दूर करने में हीट या कोल्ड थेरेपी है फायदेमंद**

क्रायोथेरेपी यानी कोल्ड थेरेपी। जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है यह बर्फ द्वारा की जाती है। मांसपेशियों के दर्द को दूर करने में बर्फ का उपयोग इस थेरेपी में काफी महत्वपूर्ण है। जब बर्फ और ठंडा पानी बदन पर लगता है तो रक्त परिसंचरण कम होने लगता है, जिसके कारण शरीर में आने वाली सूजन और दर्द में राहत मिलती है। आप बर्फ का पैक, जेल पैक, आइस मसाज के माध्यम से भी ये थेरेपी कर सकते हैं। वहीं हीट मसाज में मांसपेशियों की ऐंठन, इनका खिंचाव, तनाव और अकड़न को दूर किया जाता है। हाइड्रोथेरेपी, हॉटपैक और पैराफिन वैक्स हीटथेरेपी के अंदर ही आते हैं। वैसे तो ये थेरेपी फिजियोथैरेपिस्ट की मदद से की जाती है लेकिन आप घर पर भी गर्म कपड़े से बॉडी पर सिकाई करके थेरेपी ले सकते हैं।

**2 - बदन दर्द के लिए अदरक है अच्छी**

अदरक घरेलू उपाय में बेहद प्रभावशाली मानी गई है। चूंकि इसके अंदर सूजनरोधी गुण पाए जाते हैं ऐसे में यह शरीर में दर्द



और सूजन को कम करने में मददगार है। यह रक्त प्रभाव और परिसंचरण की सेहत में सुधार लाती है। साथ ही अदरक की चाय का अगर नाश्ते में सेवन किया जाए तो ये मांसपेशियों में हो रहे दर्द को कम करती है। आप इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अदरक को पीस लें और एक कपड़े में बांध लें। उसको गर्म पानी में कुछ वक्त के लिए डालें और ठंडा होने के बाद प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। ऐसा करने से बदन दर्द दूर हो जाएगा।

**3 - लाल मिर्च शरीर के दर्द को कम करने में है मददगार**

लाल मिर्च के अंदर एनाल्जेसिक और सूजनरोधी गुण मौजूद होते हैं जो मांसपेशियों के दर्द को ठीक करने के साथ-साथ सूजन और अकड़न को भी दूर करते हैं ऐसे में आप लाल मिर्च को जैतून के तेल के साथ मिलाएं और प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। फिर उस क्षेत्र को कपड़े से बांध लें। रात भर इसे ऐसे ही लगा हुआ छोड़ दें और सुबह कपड़े को खोल कर उस क्षेत्र को सादे पानी से अच्छे से धोएं। इस प्रक्रिया को पूरे दिन में 2 से 3 बार दोहराएं। लाल मिर्च को अपने आहार में शामिल करें।

**4 - दालचीनी है बदन दर्द के लिए उपयोगी**

अगर आप जोड़ों के दर्द से परेशान हैं तो बता दें कि दालचीनी आपकी परेशानी को दूर करने में बेहद मददगार है। दालचीनी के अंदर एंटीऑक्सीडेंट गुणों के साथ साथ सूजनरोधी गुण भी पाए जाते हैं जो अर्थराइटिस जैसी समस्या को दूर करने में बेहद मददगार हैं। ऐसे में आपको एक गिलास दूध में आधा चम्मच दालचीनी और शहद को मिलाना होगा और फिर उसका सेवन करना होगा। ऐसा करने से जोड़ों के दर्द में राहत मिलेगी। साथ ही आप दालचीनी और शहद से बने पेस्ट को बदन पर मसाज के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जब आप ये पेस्ट प्रभावित क्षेत्र पर लगाएंगे तो इससे दर्द में राहत मिलेगी।

**5 - सरसों का तेल है बदन दर्द के लिए उपयोगी**

जिन लोगों को बदन दर्द की समस्या है वह सरसों के तेल के उपयोग से अपने रक्त के प्रभाव को बढ़ा सकते हैं और मांसपेशियों में आई अकड़न को ढ़ीला कर रक्त परिसंचरण में सुधार ला सकते हैं। इसके लिए आपको लहसुन की फांकों को काटना होगा और सरसों के तेल मैं उन टुकड़ों को डालकर चलाना होगा। इसके बाद आपको कपूर डालकर गैस पर रखकर कुछ समय तक गर्म करना होगा। अब आप बनें तेल को गैस से उतारें और ठंडा करें। ठंडा हो जाने के बाद प्रभावित क्षेत्र पर इस तेल से मसाज करें, आराम मिलेगा।

**6 - केला है बदन दर्द को दूर करने में फायदेमंद**

बता दें कि केले के अंदर पोटेशियम पाया जाता है जो न केवल मांसपेशियों को स्वस्थ बनाता है बल्कि शरीर में मजबूती भी बनाए रखता है। ऐसे में थकान को दूर करने और अकड़न में राहत पहुंचाने में केला बेहद मददगार है। पोटेशियम के सेवन से मांसपेशियों की कमजोरी दूर होती है। ऐसे में आप अपने आहार में केले को शामिल करें। इसके लिए आप नाश्ते में केला या बनाना शेक भी ले सकते हैं। ऐसा करने से आपके शरीर को पोटेशियम और कैल्शियम दोनों महत्वपूर्ण तत्व मिल जाएंगे।

**7 - सेंधा नमक छुटकारा दिलाए बदन दर्द में**

सेंधा नमक को प्राकृतिक उपचार के रूप में देखा जाता है। यह मांसपेशियों के ऊतकों की सूजन को दूर करने में बेहद मददगार है। साथ ही पुरानी समय से चली आ रही मांसपेशियों के दर्द में भी ये छुटकारा दिलाता है।



# मानव सेवा से बड़ा पुण्य का काम कोई भी नहीं इसलिए कर रहे हैं मानव सेवा लाइक : सिंह कुशवाह

**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर, पुष्पांजली टुडे**

समाजसेवी लाइक सिंह कुशवाह ने 11 वर्ष पहले संकल्प लिया था मानव जीवन की मदद करने का जिसे पूरा करने के लिए हर संभव गांव-गांव लोगों के बीच पहुंचकर मदद कर रहे हैं क्योंकि मानव की सेवा करने से और दूसरा कोई पुण्य का काम नहीं है यह बात लाख सिंह कुशवाहा ने कही है दरअसल शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लाइव सिंह कुशवाहा ने भ्रमण किया और सबसे पहले कछपुरा,निवसाई,इंदुरकी रोहरा,में पहुंचे ,इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को खाद सामग्री वाटी और आर्थिक सहायता राशि दी लाइक सिंह कुशवाहा निवासी जमुहा लहार इन दिनों बाढ़ पीड़ितों की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करने में जुटे हुए हैं। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उत्पन्न हुई भूसे की समस्या को देखते हुए उनके द्वारा प्रत्येक ग्रामीणों को जानवरों की मदत करने के लिए नगद रुपए भी दिए जा रहे हैं। लाइव सिंह कुशवाहा ने बताया है 11 साल पहले उन्होंने समाज सेवा करने की शुरुआत की थी बीते 10 सालों में वह अब तक भिंड ,मुरैना दतिया और जालौर में, आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में मध्यम से करीब 20,हजार से अधिक जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी करा चुके हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त पानी की समस्या को देखते हुए स्वयं के खर्च से 2000,हेड पंप लगवा चुके हैं।इसके साथ ही बता दें की। 2 से 3 अगस्त को भिंड और दतिया जिले में आई बाढ़ की वजह से



कई ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के घर उजड़ गए ग्रामीणों के सामने खाने पीने की समस्या उत्पन्न हो गई ऐसी स्थिति में लोगों को परेशान होता देख समाजसेवी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करना शुरू कर दिया भ्रमण के दौरान उन्होंने प्रत्येक परिवार को 1 माह का राशन और नगद रुपए भी दिए। अब तक वह करीब 50 से अधिक बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगो मदत मुहैया करा चुके है।। इस दौरान बाढ़ की वजह से जिन ग्रामीड क्षेत्र में मंदिर क्षतिग्रस्त हो गए हैं उन मंदिरों को मरम्मत कराने जाने के लिए कर भी उनके द्वारा राशि गई है। *ग्वालियर में मरीजों के रहने और खाने की व्यवस्था निशुल्क* समाजसेवी लायक सिंह सुषमा ने बताया है क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को मदद करने के लिए दीनदयाल नगर ग्वालियर के एक मकान में मरीजों और उनके सूजन की रहने और खाने की व्यवस्था निशुल्क की गई है उन्होंने बताया है कि अक्सर मैं देखता था कि क्षेत्र में जब भी कोई जरूरतमंद व्यक्ति को उपचार के लिए ग्वालियर आता था तो मरीज के साथ उनके सूजन को रहने और खाने के लिए परेशान होना पड़ता था इस स्थिति को देखते हुए मैंने दीनदयाल नगर स्थित एक मकान में क्षेत्रीय मरीजों और उनके सूजन रहने और खाने की व्यवस्था की है जिससे बीमार के समय मरीज और उनके सूजन परेशान ना ह। *एंबुलेंस की वजह से बाबा की हुई थी मौत इसीलिए दान में दे दी दो एंबुलेंस* लायक सिंह कुशवाहा ने बताया है कि वर्ष 1997 मेरे बाबा भभूति सिंह कुशवाह की बीमारी के चलते लार अस्पताल में भर्ती कराया गया था मेरे बाबा की गंभीर हालत को देखते हुए अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें ग्वालियर ले जाने के लिए कहा लेकिन अस्पताल में एंबुलेंस और निजी वाहन की व्यवस्था ना होने की वजह से मेरे बाबा की अस्पताल में ही दम तोड़ दिया बाबा के मिलने के बाद ही मैंने मन ही मन संकल्प लिया था कि अस्पताल के लिए मैं एक एंबुलेंस दूंगा जब भगवान ने मुझे इस लायक बनाया तो मैंने लहार और स्वयं राशि वालों में दो एंबुलेंस पेट की मेन एंबुलेंस का उपयोग करने वाले मरीजों के सर्जन की महज ?1 की रसीद काटी जाती है।

## वन-टू-वन



## आदिवासी माना युवा प्रकोष्ठ की 6 वीं वर्षगांठ

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

*बालाघाट जिले की लांजी तहसील अंतर्गत नगर के गोंडवाना सामुदायिक भवन लांजी में आदिवासी माना युवा प्रकोष्ठ की 6वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना हैं। जिसमें लांजी क्षेत्र के समस्त आदिवासी माना समाज के वरिष्ठ मातृ शक्ति, पितृ शक्ति, सदस्यगण, छात्र-छात्राओं से अपील की जाती हैं कि अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करें। म.प्र. का एक मात्र जिला बालाघाट की लांजी तहसील जो सतपुड़ा-विंध्याचल के वर्षावन और अपने आप में प्राकृतिक सौन्दर्य को संजोय हुये है, माना जनजाति इसी तहसील के 65 ग्रामों में निवास करती है द्य जिनका पारंपरिक मुख्य पेशा खेती किसानी रहा है और अपने खेती किसानी के हुनर से धरती को सिंचा है द्य अन्य जनजाति की तरह इस जनजाति में भी विशिष्ट संस्कृति पाई जाती है द्य इसी विशिष्ट संस्कृति, अपने कबिलाई रिवाजों को संजोये रखने , समाज की जाजम व्यवस्था, समाज की पारंपरिक व्यवस्था, समाज के छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन, पर्यावरण संरक्षण, और माना जनजाति के लोगो में संवैधानिक प्रावधानों के साथ-साथ साँस्कृतिक शुद्धिकरण, वैचारिक एकीकरण करने के उद्देश्य के साथ माना जनजाति के 35 संस्थापक युवाओं ने 30 अगस्त 2015 को आदिवासी माना युवा संगठन का गठन किया । माना जनजाति के 35 संस्थापक सदस्यों द्वारा जिस बीज को आज से 6 बरस पहले बोया था वह आज एक नन्हे पौधे के रूप में आदिवासी माना युवा प्रकोष्ठ एक छोटा से सामाजिक संगठन के तहत क्षेत्र में कार्य कर रहा है द्य हाल ही में आदिवासी माना युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा ब्लड बैंक सदस्य ग्रुप की भी स्थापना की गई , जहाँ असहाय लोगो को मदद की जाएगी द्य आज माना जनजाति के वरिष्ठ समाज सेवीयों के मार्गदर्शन में सैकड़ों युवा धरातल पर काम कर रहे है ।*

**गांधी घोरमारे संस्थापक सदस्य - आदिवासी माना युवा प्रकोष्ठ लांजी**



## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में हुई संपन्न

**राकेश परिहार रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

9691338626

*पिछोर । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में हुई संपन्न जिसमें मध्य भारत प्रांत के सह संगठन मंत्री सुनील शर्मा जी संभागीय सह संगठन मंत्री श्री रजक जी श्री संजय शर्मा जी विभाग मंत्री श्री अशोक शर्मा जी अध्यक्ष श्री पवन शर्मा जी जिला उपाध्यक्ष श्री प्रवीण पाठक जिला मंत्री सुनील पुरोहित जी जिला सह मंत्री राकेश भट्ट जी सामाजिक समरस्ता प्रमुख श्री रविंद्र शर्मा जी जिला बजरंग दल सह संयोजक श्री रविंद्र पाठक जी काका श्री पंकज शर्मा जी श्री सतीश शर्मा जी सुश्री श्री जोली लोधी श्री हैप्पी गुप्ता जी श्री सत्येंद्र जी श्री सुरेश भार्गव जी एवं अनेक दायित्व वान ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया सह संगठन मंत्री श्री रजक जी ने समस्त कार्यकर्ताओं को दायित्वों का बोध एवं हिंदू समाज को एक एक सूत्र में कैसे रहे इसमें हमारी भागीदारी कैसे रहे वर्तमान में जो हिंदू समाज को तोड़ने वाली विघटनकारी शक्तियों से हम कैसे मुकाबला करें मार्गदर्शन दिया गया एवं विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस कैसे मनाना है एवं वर्ष भर के कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया इसके बाद समस्त कार्यकर्ताओं का सह खोज हुआ।*

## सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने बाली सीएचसी का आकस्मिक निरीक्षण किया

**नेनाराम सिरवी पाली, पुष्पांजली टुडे**

पाली सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने रविवार को बाली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। जानकारी के अनुसार पाली सीएमएचओ डॉ. आरपी मिर्धा रविवार सुबह सवा दस बजे बाली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। सीएमएचओ के अचानक अस्पताल पहुंचने पर एक बार तो चिकित्साअधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सीएमएचओ ने सीएचसी में विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया तथा



निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों से कुशलक्षेम पूछी तथा मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डॉक्टर मिर्धा ने अस्पताल में बनाए जा रहे ऑक्सीजन प्लांट्स का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाली सीएचसी के डॉ. राजकुमार राजदे सहित कई चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारी साथ थे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मिली सुविधाओं पर सीएमएचओ ने संतोष जताया तथा डॉ. राजदे की तारीफ की।

## ऊंटगन नदी में नहाने गए 9 वर्षीय किशोर की डूबकर हुई मौत

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

*खेरागढ़ कस्बे के खटीक पाड़ा मोहल्ला निवासी 9 वर्षीय किशोर की नदी मे नहाते समय नदी में डूबने से मौत हो हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार खटीक पाड़ा मोहल्ला निवासी अरबाज उम्र 9 वर्ष पुत्र शुवराती शनिबार दोपहर को घर से अपने दोस्तों के साथ ऊंटगन नदी में नहाने के लिए गया हुआ था जहां एनीकट पर नहाने के दौरान किशोर नदी में डूब गया । जब दोस्तो ने किशोर को नदी में डूबते हुए देखा तो किशोर के घर सूचना दी जहां सूचना पर किशोंर के परिजन नदी की ओर दौड़े किशोर को नदी से बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खेरागढ़ ले गये जहां चिकित्सको ने किशोर को मृत घोषित कर दिया सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि मामले की जांच की रही है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।*





## राजेंद्र भारती के खिलाफ शिकायत में भारती के घर पहुंची कोतवाली पुलिस दिया नोटिस

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

दतिया । एक समय राजेंद्र भारती के बहुत खास रहे वीर सिंह बंशकार पूर्व खटोला सरपंच के द्वारा थाना कोतवाली में दिनांक 27-08- 21 को एक शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी क93रु 6722 को राजेंद्र भारती वापस नहीं कर रहे हैं और जब उसने राजेन्द्र भारती से गाड़ी तो भारती ने उसे जातिगत शब्दों से अपमानित किया गाली गलौज की जान से मारने की धमकी देकर उसको भगा दिया कोतवाली पुलिस ने उक्त आवेदन जांच में लिया है । आज दिनांक को कोतवाली पुलिस द्वारा राजेन्द्र भारती के घर पहुंच कर नोटिस देकर दिनाँक 30-08-21 को जबाब प्रस्तुत करने का समय दिया है ।

## युवा मंडल द्वारा आदिवादी पुरा (सिमरिया टांका) में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर । गिर्द विकास युवा मण्डल सिमरिया टांका, जिला ग्वालियर के सभी युवा साथियों द्वारा दिनांक 29-08-2021 को निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन आदिवासी पुरा (सिमरिया टांका) में किया गया जिसमें लगभग 100 आदिवासियों के आयुष्मान कार्ड निःशुल्क तैयार किये गये, इस अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए मंडल के संचालक श्री गजेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमे युवा मंडल के सदस्यों द्वारा उत्साह पूर्वक



भाग लिया, एवं ग्रामीणों को अपने अपने आयुष्मान कार्ड वनबाने हेतु घर घर जाकर प्रेरित किया एवं उन्हें बताया कि आयुष्मान कार्ड से शासकीय व प्राइवेट हॉस्पिटल में राशि रु 5 लाख तक का इलाज मुफ्त में किया जाता है, इस अवसर पर युवा मंडल के साथी सुभाष शर्मा, भगत सिंह रावत (कियोस्क संचालक) हरेन्द्र सिंह चौहान, गजेन्द्र रावत, अभिषेक राठौर, दीपराज कुशवाह, भरत राठौर, धर्मवीर आदिवासी, नीलेश, राजकुमार, अनिल, गब्बर, मेजर, राहुल, अरविंद, समीर, लखन, संजय, हरिओम, सुल्तान आदिवासी आदि शामिल रहे, जिन्होंने विभिन्न ग्रामों की गलियों व मोहल्लें में जाकर लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने व कोरोना से बचाव हेतु वेक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया, युवा मंडल द्वारा इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम पूर्व में भी आयोजित किये गए हैं व ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को वेक्सीन लगवाने व वृक्षारोपण के लिये जागरूक किया है।

*गिर्द विकास युवा मंडल ने ठाना है*
*कोरोना को हराना है*
*आयुष्मान कार्ड बनवाना है*
*वृक्ष ही वृक्ष लगाना है।*

### ग्रामीण क्षेत्र में 1 दिन में सर्वाधिक लोगों को वैक्सीन लगवाने वाली टीम को एसडीएम ने किया सम्मानित

# कोविड-19 की संभावित लहर से बचने के लिए वैक्सीनेशन लगवाना बहुत जरूरी एस डीएम जेपी गुप्ता

**मां नव जागृति शक्ति पीठ मंदिर ग्राम रखौरा में आयोजित वैक्सीनेशन कैंप में 3000 से अधिक लोगों को लगी वैक्सीन**

**राकेश परिहार रिपोर्टर**

पुष्पांजली टुडे 9691338626

पिछोर, अनु विभाग अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आगरा के ग्राम रखौरा स्थिति मा जागृति शक्ति पीठ मंदिर परिसर पर आयोजित वैक्सीनेशन कैंपस में ग्राम पंचायत आगरा के साथ साथ आसपास की पंचायतों के 3000 से अधिक लोगों को वैक्सीनेट किया गया वैक्सीनेशन महा अभियान के अंतर्गत आयोजित वैक्सीनेशन कैंप में 1000 से अधिक लोगों को वैक्सीनेट किया गया जो समूचे अनुभव में सर्वाधिक रहा जिसके चलते अनुविभागीय अधिकारी जेपी गुप्ता सहित जनपद सीईओ श्री पुष्पेंद्र व्यास जी एई विनोद चित्तौड़िया एई पीएच ई एके चतुर्वेदी गुरुवार को रखौरा मैं चल रहे वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचे और वैक्सीनेशन कार में लगे सभी सभी कर्मचारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर पिछोर एस डीएम जेपी गुप्ता ने लोगों को बताया की कोविड-19 की संभावित लहर से अपने आप को और अपने



परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखने के लिए वैक्सीन लगवाना बहुत ही आवश्यक है और जिन लोगों ने व्यक्ति लगवा ली है वह लोग 84 दिन बाद पुन वैक्सिंग जरूर लगवाएं क्योंकि वैक्सीन के दोनों डोज लगने के बाद हम कोविड 19 से सुरक्षित रह सकते हैं साथ ही लोगों को समझाइश देते हुए कहा कि हमें बगैर जरूरी काम की भीड़ भाड़ वाली जगह पर नहीं जाना है और मास्क का उपयोग और 2 गज की दूरी का पालन करना है एसडीएम गुप्ता ने वैक्सीनेशन सेंटर पर की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि पूरे अनुभाग में रखरा जैसी व्यवस्था कहीं भी देखने मैं नहीं आई है यही कारण है कि दूर दूर से लोग आपके गांव में व्यक्ति लगवाने आ रहे हैं इसलिए टीम को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी और इस अवसर पर एसडीएम गुप्ता ने प्रोग्राम मैनेजर फजल अहमद सीएमओ जवाहर सिंह राजपूत एएनएम वैजयंती वंशकार आशा सुपरवाइजर लता गुप्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामकुमार लोधी शिक्षक महेंद्र लोधी आशा कार्यकर्ता आशा परिहार सामाजिक कार्यकर्ता प्रागी लाल झा महेंद्र लोधी सेमरी वीरेंद्र लोधी दुर्ग सिंह लोधी संतोष लोधी आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर पंचायत इंस्पेक्टर आरके टेंडर ग्राम पंचायत आगरा की प्रधान श्रीमती कांता बाई रघुवीर सिंह लोधी समस्त उपयंत्री स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों सहित मेहरबान सिंह लोधी कैलाश नारायण लोधी दशरथ लोधी श्याम लाल परिहार सचिव अजब सिंह धौर्रा सचिव राजीव लोधी जराय सुरेंद्र लोधी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मेहगांव में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ राजकुमार कुशवाहा उपचुनाव में भाजपा में शामिल हुए थे लेकिन आज किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर, पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव । आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने डॉक्टर राजकुमार कुशवाहा का होल्डिंग बैनर में फोटो ही नहीं लगाया आखिरकार विधानसभा स्तर के पिछड़े वर्ग के नेता डॉक्टर राजकुमार कुशवाहा को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने इग्नोर किया है

[भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के द्वारा भी ग्रुपों के माध्यम से बताया जा रहा है कि जब किसान मोर्चा के नेता का आगमन हो रहा है मंडल अध्यक्ष का फोटो नहीं लगाया जा रहा है आखिरकार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को इग्नोर क्यों कर रहे हैं

मेहगांव में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष के आगमन पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदोरिया का होल्डिंग बैनर से भाजपा के कार्यकर्ताओं ने फोटो किया




गायब आखिरकार भारतीय जनता पार्टी का क्या है प्रोटोकोल किसके दबाव में नहीं लगाए जा रहे फोटो भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा वरिष्ठ नेताओं के फोटो गायब होने का मतलब भाजपा के कार्यकर्ताओं की अनुशासनहीनता आखिरकार कौन मांगेगा इनसे जवाब

मेहगांव में प्रदेश उपाध्यक्ष के आगमन पर मेहगांव भाजपा के मंडल अध्यक्षों के द्वारा जो बैनर लगवाए गए हैं उसमें किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष का फोटो हुआ गायब आखिरकार किसान मोर्चा का कार्यक्रम और किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष का फोटो नहीं इससे मंडल अध्यक्षों पर किसका है दबाव

[ भाजपा में बगावती स्वर, भाजपा मंडल अध्यक्षों पर मनमानी करने के उठाए सवाल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष महिपाल सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल कर उठाए सवाल, नवनियुक्त किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर के प्रथम आगमन की सूचना न देने के लगाए आरोप होल्डिंग,बैनरो, कटाउटों में किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को फोटो ना लगाने का आरोप, सोशल मीडिया पर लिखा क्या मंडल में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्षों की जरूरत नहीं। लोगों ने किए कमेंट लिखा भाजपा में वफादार कार्यकर्ताओं की जरूरत नहीं हाथ छाप कार्यकर्ताओं की जरूरत, भाजपा में निचले स्तर पर बड़े बिखराव के संकेत। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर का भी फोटो रहा गायब।

## वन-टू-वन



### राष्ट्र भक्त युवा संगठन द्वारा हजारेश्वर विधालय मे किया वृक्षारोपण

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर राष्ट्र भक्त युवा संगठन द्वारा शहर के बायपास रोड पर स्थित शासकीय हजारेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे वृक्षारोपण किया जिसके तहत विधालय परिसर मे अमरुद, कनेर, जामुन, पीपल, गुलमोहर, बीलपत्त आदि के पौधों का रोपण किया गया और सभी को उनकों संरक्षित करने का संकल्प दिलाया साथ ही बताया कि हमारे आने वाली पीढीयों के भविष्य को सुरक्षित रखना है तो हमे प्रकृति का संतुलन बनाये रखना पडेगा जिसके लिये हमे अधिक-2 वृक्षारोपण करना पडेगा इस दौरान हजारेश्वर विधालय के प्राचार्य प्रमोद सिकरवार, राष्ट्र भक्त युवा संगठन जिलाध्यक्ष संजय मंगल, धर्मसिंह चौधरी, भारत स्काउट संघ जिलाध्यक्ष ओ.पी सिकरवार,रोशन गर्ग, दिनेश साहू, मुकेश पाराशर, घनश्याम सिंह सेंगर,श्याम सुंदर दुबे,राम अवतार चौरसिया, सुरेश सिकरवार, सुरेश कुमार बाथम,दीनू मीणा परसावत,शिव शर्मा राडेप,मंदीप सरदार,रीना प्रजापति आदि मौजूद थी ।

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना संवाद कार्यक्रम संम्पन्न

**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर, पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव नगर पंचायत भवन मेहगांव पर लाइव टी वी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि कार्यक्रम संम्पन्न हुआ यह कार्यक्रम मुख्यरूप से पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री स्वनिधि स्वीकृत हेतु आयोजित किया गया कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लाइव जुड़ कर हित ग्राहियों से वात की एव वर्चयुल तरीके से कार्यक्रम को सम्बोधित किया वालाघाट में आयोजित कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया गया मुख्यमंत्री महोदय द्वारा एक क्लिक के माध्यम से ऑनलाइन 10000 रुपये हितग्राहियों के खाते में ट्रांसफर किये गए। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य नगर पंचायत अधिकारी योगेंद्र सिंह तोमर ने बताया की मेहगांव नगर के लगभग 20 हितग्राही प्रधानमंत्री योजना स्व लाभान्वित हुए है प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के दूसरे चरण की शुरुवात लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से मुख्य नगर पंचायत अधिकारी योगेंद्र सिंह तोमर नगरपरिषद के कर्मचारीगण प्रशांत दीक्षित हरिओम श्रीवास,चन्दन सिंह, एवं हितग्राही नगर के प्रबुद्ध जन , पत्रकार जन एव एक सैकड़ा से अधिक लोग उपस्थित रहे।

### कोरोना का इलाज कराने के बाद अस्पताल को दिया तीन लाख का चैक, फिर उस चैक का पैमैंट रुकवा दिया

**भोपाल।** कोरोना की दूसरी लहर में राजधानी के रहने वाले एक 58 साल के व्यक्ति द्वारा कोरोना का इलाज करने वाले अस्पताल से फर्जीवाड़ा किये जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि उसने अपने परिवार के चार लोगों का कोरोना का इलाज कराने के बाद अस्पताल को तीन लाख का चेक दिया और अस्पताल से बाहर आते ही उसे स्टॉप पेमेंट करा दिया। कोलार पुलिस ने जॉच के बाद अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर लिया है। कोलार पुलिस के अनुसार मनीष शर्मा भोपाल के हर्षवर्धन नगर में रहते हैं। इसी वर्ष अप्रैल महीने के अंतिम सप्ताह में इनके परिवार के चार लोग कोरोना संक्रमित हो गए थे। चारों को मानसरोवर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहॉ चारों का इलाज हुआ। बाद मे स्वस्थ होने पर आरोपी ने बाकी बिल ऑनलाइन पेमेंट कर दिया और डिस्चार्ज के समय तीन लाख रुपए का चेक दे दिया। चेक देकर चारों मरीजों को लेकर आरोपी घर चला आया। अगले दिन बैंक जाकर उसने अस्पताल को दिये गये चेक का स्टॉप पेमेंट करा दिया, जिससे अस्पताल को तीन लाख रुपए का बिल क्लियर नहीं हुआ। इस मामले में अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनुराग सिंह राजपूत ने कोलार थाने में लिखित शिकायत की थी। शिकायत जांच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### प्लाट बेचने के नाम पर फर्जीवाड़ा कर 12 लाख हड़पे

**जबलपुर, (ए)।** माढ़ोताल थानांतर्गत आईटीआई के समीप बिके हुए प्लाट को अपना बताकर कॉलोनाइजर से 12 लाख हड़पने वाले जालसाज को पुलिस ने कृपाल चौक गुप्तेश्वर स्थित उसके घर से दबोच लिया। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि बिलपुरा कालोनी रांझी निवासी रंजीत चौधरी को जालसाज राजेन्द्र तिवारी ने आईटीआई के पीछे स्थित 2300 वर्ग फीट का प्लाट 12 लाख रुपये में बेचने अनुबंध किया था। जालसाज के झांसे में आकर रंजीत चौधरी ने उसे 12 लाख का भुगतान कर दिया। गत 20 अगस्त 2020 को जब रंजीत ने राजेन्द्र तिवारी को विक्रयपत्र निष्पादित करने कहा तो राजेन्द्र टालमटोल करने लगा। रंजीत को शंका होने पर जब उसने प्लाट के संबंध में जानकारी खंगाली तो पता चला कि उक्त प्लाट पूर्व में रमेश चौरसिया, मीरा चौरसिया को राजेन्द्र द्वारा कूटरचित दस्तावेज से बेचा जा चुका है। इसी तरह उक्त पलाट को बाद में राजेन्द्र ने कूटरचित दस्तावेज से श्रीमती लक्ष्मी देवी नायक व उर्मिता नायक को भी बेचा जा चुका है। इस तरह राजेन्द्र तिवारी ने धोखाधड़ी कर बिके प्लाट को दोबारा बेचकर 12 लाख की चपत लगाई है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जालसाज राजेन्द्र तिवारी कृपाल चौक गुप्तेश्वर स्थित अपने घर में है।

## कोविड-19 टीकाकरण सत्र का आयोजन

**पुष्पांजली टुडे**




पाली।मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी पाली के आदेश के अनुसार पाली ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया। कोरानावायरस की तीसरी लहर को मात देने के लिए जिला प्रशासन से किस्सा विभाग की ओर से लगातार शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर टीकाकरण कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। भावरी राजकीय विद्यालय परिसर में 18 से अधिक आयु वर्ग के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया गया। सरपंच सुनीता त्रिवेदी उप सरपंच महंत ज्ञानदास महाराज पंचायत सहायक जालम सिंह राजपुरोहित। पंचायत सहायक प्रभु राम। पंचायत सहायक ओम प्रकाश गर्ग। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वास्थ्य कर्मियों ने लगातार डोर टू डोर वंचित रहे लोगों का सर्वे करके कोराना वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया गया। ए एन एम श्यामा कुमारी ने बताया कि 55 लोगो को कोराना वैक्सीन की प्रथम और दूसरी खुराक दी गई। इस मौके समाजसेवी प्रवीण कुमार त्रिवेदी। क्क्षश्वह्र नंदलाल बारोलिया ,क्क्रह्व जवान मल,। चुन्नीलाल, अध्यापिका मालती मीणा, पंचायत सहायक ओमप्रकाश गर्ग, जालम सिंह राजपुरोहित, आशा सहयोगिनी कंचन, रेखा और वेराराम मौजूद रहे।

## चैत्रा गोशाला में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई

**पुष्पाजंली टुडे, नारायणलाल सैणचा**

मड्या-ध्यान फाउंडेशन की और से पांडवपुरा तहसील के दौड ब्याडरहल्ली गांव में स्थित चैत्रा गोशाला में रविवार को समस्त राजस्थानी समाज की और से कृष्ण जन्माष्टमी धूम-धाम से मनाई गई। दोपहर को भगवान को भगवान कृष्ण का पूजन करने के बाद लोगों ने गौमाता का पूजा की ।महिलाओं ने भगवान कृष्ण के एक से बढ़कर एक कृष्ण भक्ति गीत को गाकर कार्यक्रम भक्तिमय बना दिया। महिलाओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य भी किया। उसके बाद आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने गायों की सेवा व गोशाला के पास में जमीन खरीदने के लिए बढ़-चढ़कर राशि का सहयोग दिया। इस अवसर पर गोशाला में नवनिर्मित एक शेड का उद्घाटन भी किया गया। ध्यान फाउंडेशन की सदस्यों व चैत्रा गोशाला की और शेड निर्माण करवाने वाले दानदाताओ का सम्मान किया । इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. के महेन्द्र सिंह राजपुरोहित , करमाराम परिहार , दानाराम परिहार , वालाराम सीरवी , मंगलाराम सीरवी , देवेन्द्र मैसूरू , दलपत सीरवी , पृथ्वी सिंह चांदवत , गुदडराम काग , विकास , गोशाला व्यवस्थापक राम व्यास ,विजय माली, रमेश सीरवी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।



## प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा चौहान का भोपालगढ़ में चुनावी दौरा



**पुष्पाजंली टुडे**

पाली ;-सोजत विधायका व एसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा चौहान ने आज भोपालगढ़ में पंचायती राज चूनाव में भाजपा प्रत्याशियो को जिताने के लिए प्रचार प्रसार किया। हाल ही दिनो में सोजत विधानसभा में दो प्रधान व एक मात्र नगरपालिका अध्यक्ष शोभा चौहान के नेतृव में बनने से खुश प्रदेश नेतृत्व ने जोधपुर जिले के भोपालगढ़ में पंचायती राज चुनाव में शोभा चौहान को भी कार्यकर्ताओ मे जोश भरने के लिए भेजा। चुनावी सभा में सोजत विधायिका शोभा चौहान ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। चौहान ने बताया कि वर्तमान गहलोत सरकार की एक भी योजना का धरातल पर नही उतरना सरकार की इससे बड़ी नाकामी किया हो सकती है। साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं को विधायक ने जनता को विस्तार से समझाया। शोभा चौहान ने बताया कि प्रदेश सरकार अपनो को बचाने में लगी हुई है जबकि जनता बिजली के बिलों से त्रस्त है। यूवाओ के साथ रोजगार देने का जूठा वादा किया गया था। वर्तमान सरकार को पंचायत राज चुनाव में बुरी तरह से हराना हे। गेहलोत सरकार हर मौके पर नाकाम रही है। इस मौके पर स्थानीय सांसद पीपी चौधरी व पुर्व मंत्री व पुर्व विधायिका कमसा मेघवाल ने भी सरकार पर जमकर निशाना साधा।

## छोटा रूणेचा रामदेव मंदिर पर श्रद्धालूओ को निशुल्क मास्क सैनेटाइजर व दवाईया वितरण

**पुष्पांजली टुडे**

पाली ।रोहट जोधपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग के छोटा रूणेचा श्री बाबा रामदेवजी के मंदिर परिसर पर कोराना गाइडलाइन तीसरी लहर को देखते हुए राज्य सरकार व जिला प्रशासन निदेशौ की पालना में कोराना रोकथाम को लेकर भामाशाह हरिभाई पटेल रूपावास, के सहयोग से रामदेवरा पैदल यात्री श्रद्धालुओ को निशुल्क मास्क सैनेटाइजर व विभिन्न प्रकार की दवाईया वितरित की गई। पर्यावरण संरक्षण हरियालो राजस्थान अभियान के तहत रामदेवरा पैदल यात्रा करने वाले यात्रियों को वृक्षारोपण करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर मंदिर के सेवा समिति ने भामाशाहाओ का साफा व माला पहनाकर उनका बहुमान किया गया ।



इस मौके पर भाजपा ओ बी सी महिला मोर्चा सदस्य नाजू देवी ऑजणा, पण्डित श्याम सुन्दर , भैराराम प्रजापत, अजय कुमार धनावत, रूपाराम माली , डुंगरसिंह चम्पावत , विमल चौहान सहित कई लोगों ने सहयोग दिया गया ।

# मध्य प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली से हर वर्ग परेशान है : तपेश कालबेले

**रितेश कटरे ब्यूरो, चीफ पुष्पांजली टुडे**


बालाघाट जिले के युवा तपेश कालबेले ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि विगत दिनों बालाघाट जिले में बड़े-बड़े उद्योगपतियों का इन्वेस्टर मीट कार्यक्रम रखा गया था,जिसमें लगभग 4500 करोड रुपए का निवेश होने का अनुमान लगाया गया है लेकिन यह सिर्फ अभी कागजों तक ही सीमित है ऐसा प्रतीत होता है प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है बीते 2 वर्षों में कोरोना के कहर के चलते बहुत से लोगों की जीवन यापन करने स्थिति बहुत बुरे दौर से गुजर रही है मध्यप्रदेश में जो शिक्षा प्रणाली है उसमें कुछ शिक्षकों का चयन भी हो चुका है लेकिन अभी तक उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई है जिसके चलते सभी में सरकार के प्रति काफी रोष है, स्व सहायता समूह की बात की जाए तो जिन्हें सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया था कि आपको बहुत सारे शासकीय कार्य प्रदान किए जाएंगे लेकिन वह सिर्फ घोषणाएं तक ही सीमित रह गई, अभी हाल ही में मध्यप्रदेश में वरिष्ठ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, नर्सिंग सहित तीन परीक्षाएं निरस्त की गई है जिसका कारण पेपर लीक होना बताया जा रहा है इस भाजपा की सरकार में कोई ना कोई ऐसा कार्य भ्रष्टाचार उभर कर आता है जिसकी वजह से बेरोजगारों को रोजगार तो मिल नहीं रहा है साथ ही परीक्षाओं में बैठने के बाद भी कहीं रिजल्ट बहुत देरी से आता है या चयन होने के बाद भी कार्य नहीं दिया जाता है हमारे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री घोषणा वीर



मुख्यमंत्री हैं जहां भी जाते हैं अनेकों घोषणाएं कर देते हैं लेकिन जमीनी हकीकत उनसे कोसों दूर रहती है चाहे वह सड़कों का हाल हो , कॉलेजों का हो ,उद्योगों का हो और ओवर ब्रिज का हो ऐसे अनेकों कार्य उनके हैं जो सिर्फ और सिर्फ घोषणाओं तक ही सीमित रहते हैं आज फिर बालाघाट जिले की सर जमी पर हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री का आगमन होने जा रहा है हम उनसे मांग करते हैं कि बालाघाट जिले में कृषि सबसे अधिक होती है और यहां के किसान कोरोना का कहर के बाद भी बारिश के पर्याप्त मात्रा में नहीं होने की वजह से बहुत ज्यादा परेशान है तो बालाघाट जिले को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए साथ ही जिले में किसानों के लिए खाद का जो संकट उत्पन्न हुआ है इसे दूर करने के लिए शीघ्र अति शीघ्र व्यवस्था की जाए , महंगाई अपने चरम पर है, इसे कम करने के लिए सरकार को तत्काल कठोर कदम उठाने की जरूरत है जिससे जीवन यापन सरलता के साथ किया जा सके एवं आमजन राहत महसूस करें, जिले में सड़कों की स्थिति नदियों की स्थिति बहुत ज्यादा खराब है रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है जो कि जीवनदायिनी नदियों के लिए एवं जिले वासियों के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है इस पर रोक लगाने के लिए प्रदेश के मुखिया से विनम्र अनुरोध है, एक तो प्राकृतिक वर्षा नहीं हो रही है दूसरा जिले में अघोषित बिजली कटौती चालू है जो कि जिले के किसानों के लिए अत्यधिक नुकसानदायक है।

## नैनो न्यूज

### बजरंग भक्त मण्डल ने की इस सप्ताह 1800 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा



**ग्वालियर।** बजरंग भक्त मण्डल द्वारा सप्ताह में दो बार की जाने वाली गौभोग सेवा के कम में मार्क हॉस्पिटल, गोला का मन्दिर स्थित गौशाला में दिनांक 25/08/21 एवं 29/08/21 रविचार एव बुधवार को 1800 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा की गई। मण्डल के अध्यक्ष आशीष मंगल ने बताया कि मण्डल लगभग 3 वर्षों से उक्त गौशाला में गौभोग सेवा करता आ रहा है, शुरूआत मे मण्डल द्वारा सदस्यों के सहयोग से सप्ताह में एक बार 500 किलो हरे चारे की सेवा की जाती थी किन्तु गौमाता के आर्शीवाद से मण्डल द्वार वर्तमान मे सप्ताह में दो बार एंव ज्यादा से ज्यादा मात्रा मे हरे चारे की सेवा का प्रयास किया जा रहा है, साथ ही अधिक से अधिक लोगों को गौसेवा से जोड़ने का प्रयास भी मण्डल द्वारा किया जा रहा है। उक्त गौसेवा मे मण्डल अध्यक्ष आशीष मंगल, संयुक्त अध्यक्ष नन्दकिशोर गोयल, सचि मुकेश खण्डेलवाल, संयुक्त सचिव अरविंद मित्तल, उपाध्यक्ष प्रेम गोयल, उपाध्यक्ष लेखराज प्रेमानी, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, अमन गर्ग, विशाल गुप्ता, नवल कुशवाह, नितिन समाधिया, ओ प्रकाश मंगल, लक्ष्मी नारायण साहू अम्बरीष मंगल, कमलकांत शुक्ला, मोनू, मनोज बंसल, श्याम बंसल, जितेन्द्र पमनानी, पंकज शर्मा, पंकज अग्रवाल, डॉ गोपाल गोयल, रामकिशोर मंगल आि सदस्य उपस्थित थे।

### सिग्नल केबल चोरी, 6 घंटे रेल यातायात हुआ प्रभावित

**ग्वालियर।** शातिर चोरों ने रेलवे स्टेशन के पास गार्डर वाली पुलिया और बिरला नगर स्टेशन के पास से बीती रात करीब 35 मीटर सिग्नल केबल चोरी कर ली ।जिसके कारण करीब 6 घंटे तक आप और डाउन ट्रैक पर रेल यातायात प्रभावित रहा। आरपीएफ मैं चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार बीती रात गार्डर वाली पुलिया के पास से चोर सिग्नल केबल काट कर ले गए। सूचना मिलने पर जब आरपीएफ मौके पर पहुंची तभी मालूम पड़ा कि बिरला नगर स्टेशन के पास से भी सिग्नल केबल चोरी हो गई है। जिसके चलते करीब 6 घंटे अप व डाउन ट्रैक का रेल यातायात ठप हो गया ।बाद में सिग्नल केवल ठीक होने के बाद रेल यातायात शुरू हुआ आरपीएफ ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रक से गिरकर घायल क्लीनर की मौत

**ग्वालियर।** शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में स्थित मंघाराम फैक्ट्री में 2 दिन पहले तिरपाल कसने के दौरान ट्रक से गिरकर घायल क्लीनर की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है ।जानकारी के अनुसार मुरैना निवासी रामदीन प्रजापति ट्रक पर हेल्पर का काम करता था ।2 दिन पहले वह मंघाराम फैक्ट्री में ट्रक पर चढ़कर त्रिपाल खसरा था। तभी ट्रक चालक ने वाहन चला दिया तभी ट्रक पर खड़ा रामदीन नीचे गिरकर घायल हो गया ।उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई ।पुलिस ने मृतक का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### किशोरी लापता घर से गहने नगदी गायब

**ग्वालियर।** शहर के जनक गंज थाना क्षेत्र में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास रहने वाली एक किशोरी अपने घर से लापता हो गई। वही घर से नगदी और गहने भी गायब है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जनक गंज थाना क्षेत्र के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास रहने वाली 17 साल की एक किशोरी अचानक अपने घर से लापता हो गई।

# पानी को लेकर हंगामाः कार में महिलाओं को बिठाकर निगम ऑफिस पहुंचे ऊर्जामंत्री

**ग्वालियर।** रामपुरी मोहल्ला में लोग पानी के लिए परेशान हैं। नगर निगम की जो लाइन बिछी है, वह पुरानी और जर्जर हो चुकी है। लोग दूर-दूर से पानी भरने को विवश हैं। रविवार को लोगों ने समस्या को लेकर हंगामा कर दिया। सूचना मिलते ही विधायक व ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर वहां पहुंच गए। ऊर्जा मंत्री ने मोहल्ले में जमीन पर बैठकर लोगों से बात की। इसके बाद ऊर्जा मंत्री ने सभी को कार में बैठाया और निगम दफ्तर पहुंच गए। यहां ने कलेक्टर, निगमायुक्त के सामने लोगों को खड़ा कर दिया। मंत्री ने अफसरों को 15 दिन में समस्या हल करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, इलाके में बिजली, पानी सड़क के सभी मुद्दे सुलझाने के लिए कहा है। इससे पहले इसी मोहल्ले की 85 साल की बुजुर्ग महिला भद्रकाली बाथम को लेकर कांग्रेस नेता सुनील शर्मा भी निगमायुक्त से मिले थे। उन्होंने भी समस्याओं को सुलझाने की मांग की है। शहर के रामपुरी मोहल्ला में कई महीनों से पानी की समस्या है। क्षेत्र में जलस्तर भी ठीक नहीं है। नगर निगम की वर्षों पहले बिछाई गई लाइन में पानी नहीं आ रहा है। वर्तमान में तक लोग एक हैंडपंप से



पानी भरने पर विवश हैं। दो दिन पहले वह भी खराब हो गया। इस पर रविवार सुबह लोग आक्रोशित हो गए। जब यह बात ऊर्जामंत्री तोमर को पता लगी, तो वह रामपुरी मोहल्ला पहुंच गए। क्योंकि यह क्षेत्र भी उनकी विधानसभा में आता है। ऊर्जा मंत्री तोमर को देखते ही लोगों ने घेर लिया। अपनी समस्याएं बताने लगे। इस पर उन्होंने बिना देर किए अफसरों को फोन लगा दिए।

### जमीन पर बैठकर सुनी बात

ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जनता के बीच पहुंचकर मोहल्ले में जमीन पर बैठकर ही जनता की बात सुनी। उनकी समस्या को कागज पर लिखा। इसके बाद वहां से चुनिंदा महिलाओं को गाड़ी में बैठाकर निगम दफ्तर पहुंचने के लिए कहा।

### कलेक्टर, निगमायुक्त से कहा- 15 दिन में खत्म करो समस्याएं

बाल भवन में पहुंचकर ऊर्जामंत्री तोमर ने कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, प्रभारी निगमायुक्त आशीष तिवारी को बुलाकर लोगों की समस्याएं बताई। उनको 15 दिन में बिजली, पानी और सड़क की समस्या दूर करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद लोग वापस लौट गए।

# संकट के समय पीएम स्वनिधि योजना से लोगों को मिली है राहतः ऊर्जा मंत्री तोमर

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को बालाघाट जिले से पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण वितरण करने के साथ ही उनसे संवाद भी किया। ग्वालियर में बाल भवन में आयोजित समारोह में योजना के तहत हितग्राहियों को ऋण वितरण के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर थे। कार्यक्रम में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह, क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, नगर निगम के पूर्व सभापति राकेश माहौर, संभागीय आयुक्त आशीष सक्सेना, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त आशीष तिवारी सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राही उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि पूरे विश्व में कोविड-19 के कारण जो संकट आया है वह किसी से छुपा नहीं है। इसके कारण लोगों की




आर्थिक स्थिति खराब हुई और व्यापार-धंधे भी प्रभावित हुए। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से देशभर में लाखों लोगों को आर्थिक संबल प्रदान किया। योजना के तहत बिना ब्याज के 10 - 10 हजार रूपए की राशि उपलब्ध कराई। जिसके माध्यम से लोगों ने अपने छोटे-छोटे व्यवसाय पुन- प्रारंभ कर अपना जीवन बेहतर करने की दिशा में कार्य किया है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि कोरोना संकट हो या प्राकृतिक आपदा केन्द्र सरकार और प्रदेश की सरकार हमेशा जनता के साथ रही है। सरकार की ओर से हर संभव मदद करने का कार्य भी किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को ऋण उपलब्ध हो सके, इसके लिये प्रशासन शिविरों का आयोजन भी करे, जिससे जो लोग योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं उन्हें भी लाभ मिल सके। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि छोटे-छोटे व्यवसाय करने वाले लोगों के लिये पीएम स्वनिधि योजना बहुत ही उपयोगी साबित हुई है। कोरोना संकट के दौरान जिन लोगों की आर्थिक स्थिति खराब हुई और व्यवसाय प्रभावित हुए हैं उनके लिये इस योजना के माध्यम से मिले हुए 10 हजार रूपए बहुत ही उपयोगी साबित हुए और उन्होंने अपने व्यवसाय पुन- प्रारंभ कर अपने जीवन को व्यस्थित करने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री गरीबों के हित में योजनायें बनाकर निरंतर उनके आर्थिक स्तर को बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। हमें भी शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक शीघ्र पहुँचे, इसके प्रयास करना चाहिए। सांसद शेजवलकर ने कहा कि योजना के तहत जिन लोगों को पूर्व में 10 - 10 हजार रूपए का ऋण उपलब्ध कराया गया था और जिन्होंने समय पर ऋण की अदायगी भी की है उन्हें 20 हजार रूपए का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों को अन्य योजनाओं का लाभ भी मिले, इस दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा योजना के तहत 35 हजार पथ विक्रेताओं का पंजीयन किया गया है। जिसमें से 26 हजार 956 पात्र पथ विक्रेताओं को परिचय पत्र भी प्रदान किए गए हैं। 13 हजार 500 पथ विक्रेताओं को 10 - 10 हजार रूपए के मान से एक करोड़ 35 लाख रूपए की राशि भी कार्यशील पूँजी ऋण के रूप में उपलब्ध कराई गई है।

**अतिथियों और हितग्राहियों ने सुनी सीएम की बातः** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट जिले से कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी कार्यक्रम स्थल पर किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखा और उनके द्वारा कही गई बातों को सुना।

### डॉक्टरों के खिलाफ जुलूस एवं पुतला दहन निंदनीयः डॉ भल्ला

**ग्वालियर।** डॉक्टर कभी भी अपने मरीज के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह नहीं रहता लेकिन फिर भी सीरियस मरीजों के इलाज के दौरान कुछ अप्रिय घटनाएं भी घटित हो जाती हैं। फिर भी डॉक्टर का हमेशा एक ही लक्ष्य रहता है कि किसी भी तरह अपने मरीज को ठीक कर सकूं यह बात संवाददाताओं से चर्चा करते हुए आई एम ए के पूर्व प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर ए एस भल्ला ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। आई एम ए के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दिए बयान में कहा की डॉ दीपक अग्रवाल के मंगल नर्सिंग होम पर दो बच्चे जो 7 माह की डिलीवरी के दौरान पैदा हुए जो शारीरिक रूप से काफी कमजोर थे जिन के इलाज के दौरान डॉ दीपक अग्रवाल द्वारा काफी प्रयास किए गए जिनमें 1 बच्चे को पूर्णतया सकुशल बचा लिया गया और दूसरा अनहोनी का शिकार हो गया ।

# सुबह उमस भरी गर्मी के बाद दोपहर को हुई झमाझम बारिश





**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल अंचल में एक बार फिर मौसम सक्रिय हो गया है। रविवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए थे। दोपहर होते-होते यह बादल गहरे हुए और बारिश शुरू हो गई। करीब 2 घंटे तेज और हल्की रिमझिम बारिश ने शहर और आसपास के शहरों का मौसम सुहाना कर दिया है। दोपहर दो घंटे में 23.4 स्रू बारिश रिकॉर्ड की गई है। जिसके बाद कुल बारिश 513.5 स्रूहो गई है।

जिस कारण अचानक बढ़ रहे तापमान में भी तेजी से गिरावट आई है। ओडिशा-आंध्रप्रदेश में बने निम्न दबाव के कारण प्रदेश के संभागों में तेज बारिश के साथ ही ग्वालियर-चंबल संभाग में भी तेज बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि 1 सितंबर तक प्रदेश के कई इलाकों में अच्छी बारिश होगी। 5 सितंबर तक हल्की बारिश बनी रहेगी।

### यह सिस्टम करा रहा बारिश

वर्तमान में पश्चिम उत्तर बंगाल की खाड़ी में ओडिशा-आंध्र प्रदेश के क्षेत्रों में निम्न दाब क्षेत्र बना है। दक्षिण-पश्चिमी झुकाव वाली चक्रवातीय गतिविधियां सक्रिय हो चुकी हैं। मानसून ट्रफ फिरोजपुर, दिल्ली, ग्वालियर और निम्न दाब क्षेत्र से होते हुए पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक फैला है। एक दक्षिण-पश्चिमी भारतीय तट के समांतर फैला है। जो लगातार बारिश की संभावना बना रहा है। इस कारण से प्रदेश के अन्य संभागों की तरह ही ग्वालियर-चंबल संभाग में तेज और आने वाले दिनों में रिमझिम बारिश की पूरी संभावना बनी हुई है।

### अचानक बारिश से गिरा पारा

करीब 10 दिन हो गए थे, जबसे ग्वालियर में बारिश नहीं हुई थी। जिस कारण लगातार गर्मी बढ़ रही थी। पर रविवार दोपहर को हुई बारिश से लगाता बढ़ रह गर्मी से राहत मिली है। रविवार को ग्वालियर में न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा है, जबकि बारिश होने के बाद अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस पर आकर ठहर गया, जबकि रविवार सुबह 11.30 बजे 33.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच पर अचानक बारिश के बाद दिन का तापमान ज्यादा नहीं बढ़ सका।

### बारिश से किसको क्या फायदा

रविवार को हुई बारिश से शहर के लोगों को गर्मी से राहत मिली है तो किसानों को सबसे ज्यादा फायदा है। इस समय खरीफ की फसल खेतों में है। उड़द, मूंग, अन्य दलहन, धान आदि। इनको बारिश की जरूरत थी। यह बारिश होने से सबसे ज्यादा धान की फसल को फायदा है।

# अपहरण के आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

**ग्वालियर।** ग्वालियर के माधौगंज में दोस्त के 3 साल के बेटे का अपहरण करने वाला आरोपी कोर्ट में सरेंडर हो गया है। बच्चे को चंद घंटों में पुलिस ने बचा लिया था। आरोपी नारायण विहार की झाड़ियों में पुलिस से सामना होने पर बच्चे को छोड़कर भाग गया था। आरोपी स्र्न्न के हवलदार का बेटा है। पुलिस ने उसे रिमांड पर लिया तो एक बहुत बड़ा खुलासा उसने किया है। उसका कहना था कि बच्चे के मां-बाप से 300 रुपए स्मैक के लिए मांगे थे, उन्होंने नहीं दिए। तभी ठान लिया था कि इनको



जिंदगी भर का दर्द देना है। पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो सूनसान में ले जाकर बच्चे को मारकर दफना देन की योजना थी। यह सुनने के बाद पुलिस के हाथ पांव फूल गए हैं। आरोपी को शाम को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**यह है पूरा मामलाः** माधौगंज की चौरसिया कॉलोनी निवासी विवेक पुत्र प्रकाश कुशवाह एक प्राइवेट कंपन में काम के साथ ही डेयरी प्रॉडक्ट की शॉप चलाते हैं। 21 अगस्त की शाम को जब वह घर पर खाना खा रहा था तो तभी दरवाजे पर उसका 3 साल का बेटा ऋषभ खेल रहा था। इसी समय उसका दोस्त पंकज तोमर दरवाजे पर आया और आवाज लगाई। विवेक ने सोचा खाना खाने के बाद जाकर देखता हूं। पर कुछदेर बाद विवेक की पत्नी ऋषभ के लिए दूध लेकर आई तो उसे सब जगह तलाशा, लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद उसकी छानबीन शुरू की। आसपास के लोगों ने बताया कि बच्चे को विवेक का दोस्त और कभी उसके पड़ोस में रहने वाला हवलदार संतोष तोमर का बेटा पंकज तोमर अपने साथ ले जाता दिखा था। पंकज नशे का आदी होने के साथ अपराधिक मानसिकता रखता था। विवेक तत्काल माधौगंज थाना पहुंचा था और पुलिस अफसरों को सूचना दी। माधौगंज थाना प्रभारी वर्षा सिंह ने तत्काल वरिष्ठ अफसरों को अवगत कराते हुए छानबीन शुरू की। रात्रि गश्त पर निकले तीन अन्य क्षेत्रों के थाना प्रभारियों को भी बच्चे की तलाश में लगाया गया था। 22 अगस्त रक्षाबंधन की सुबह 6 बजे पुलिस को पंकज के नारायण विहार कॉलोनी कारसदेव मंदिर से पहले देखे जाने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी की तो वह पुलिस से सामना होने पर बच्चे को छोड़कर भाग गया था।

## वर्दी पहनते ही बदल गए पति के तेवरः शादी के बाद कॉन्स्टेबल बनते ही मांगने लगा 10 लाख रुपए दहेज, नहीं देने पर पत्नी को घर से निकाल दिया




**ग्वालियर।** युवक ने पुलिस की वर्दी क्या पहनी, तेवर ही बदल गए। मध्यप्रदेश पुलिस में कॉन्स्टेबल बनने के बाद वह पत्नी को 10 लाख रुपए दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा, जबकि शादी को 5 साल हो चुके थे। दो साल पहले पत्नी को घर से निकाल दिया। घटना भिंड जिले के गोहद की है। महिला डबरा में स्थित मायके चली आई। परिवार वालों ने कई बार दोबारा संबंध सुधारने के लिए प्रयास किए, लेकिन पति नहीं माना। महिला ने डबरा थाना पहुंचकर पति के खिलाफ शिकायत कर दी। पुलिस ने आरोपी पति, सास, ससुर के खिलाफ शनिवार को दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। डबरा के लक्ष्मी कॉलोनी निवासी रचना कुशवाह की शादी वर्ष 2013 में प्रवेश कुमार निवासी गोहद से हुआ था। शादी के बाद पति और ससुराल वालों ने ठीक से रखा। दो बच्चे भी हुए। बेटी 5 साल और बेटा 3 साल का है। 2018 में प्रवेश कुमार का सिलेक्शन मध्य प्रदेश पुलिस में बतौर कॉन्स्टेबल हो गया। इसके बाद पति, सास कृष्णा, ससुर आशाराम का व्यवहार बदल गया। ससुराल वो उसे दहेज में 10 लाख रुपए लाने का दबाव बनाने लगे। उसने कई बार उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। अगस्त 2019 में बच्चों समेत प्रवेश ने उसे घर से निकाल दिया। रचना मायके चली आई। पिता ने ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया। ससुराल वालों ने उसके पिता को घर से निकाल दिया। साथ ही, रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

# पत्रकार एकजुट होकर करे नई चुनौतियों का सामना : संत शिरोमणि अनिल महाराज

**ग्वालियर ।** इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला पंचायत सभागार इटावा में वरिष्ठ पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संत शिरोमणि श्री अनिल जी महाराज राष्ट्रीय (अध्यक्ष जय काली माता सेना ट्रस्ट और महामंत्री संत समाज उ.प्र.) थे। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष सुशील कुमार, राष्ट्रीय महासचिव चौधरी शेर सिंह, संरक्षक आर.बी.उपाध्याय, संरक्षक अंशुमान त्रिपाठी वरिष्ठ पत्रकार गणेश ज्ञानार्थी, जुनेद तैमूरी सहित अनेक पत्रकार मंचासीन थे

मुख्य अतिथि संत शिरोमणि श्री अनिल जी महाराज ने पत्रकारों को आशीष बचन देते हुए कहा पत्रकारों को आज बहुत चुनौतियों का सामना करना होता है क्योंकि हर तरफ लूट-







खसोट है। यह नहीं चाहते उनका चोरी का धंधा उजागर हो। लेकिन इनसे एकजुट होकर मुकाबला करें तभी समाज का भला होगा। उन्होंने सम्मान स्वरूप पत्रकारों को गीता भेंट की। इस बीच वरिष्ठ

### इटावा में पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित

पत्रकार सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि संत शिरोमणि और अध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ पत्रकार दैनिक हिन्दुस्तान समाज ग्वालियर के प्रधान संपादक धर्मेंद्र तोमर, वरिष्ठ पत्रकार सुरजीत यादव सहित लगभग 100 पत्रकारों को शाल, गीता स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

इस बीच कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का स्वागत, सम्मान से हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम में आये वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार गणेश ज्ञानार्थी ने किया, आभार आयोजक वरिष्ठ पत्रकार शुधर सिंह जी ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर सभागार खचाखच भरा था वरिष्ठ पत्रकार सम्मान समारोह गरिमामय संपन्न हुआ। इस अवसर पर जानेमाने मीडिया हाउस के वरिष्ठ पत्रकार, युएनआई,पीटीआई, वार्ता, हिन्दुस्तान एजेंसी के साथ-साथ इटावा अंचल वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित थे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478